# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, शुक्रवार, 18 अप्रैल 2025

संवत 2082, वैशाख कृष्ण 6 - मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 223, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028



4 ▶▶ तमिलनाडु में भाजपा परचम फहराने को तत्पर

हिंदी रीति-रिवाज से शादी करने पर ट्रोल हुई सोहा अली खान ◀◀ 6




# मंदिर की सीढ़ियों से गिरकर महिला की मौत, कार्रवाई की मांग

संवाददाता

**धनबाद:** श्री बालाजी मंदिर में पूजा करने के दौरान एक महिला की सीढ़ियों से नीचे गिरने से मौत हो गई। ये घटना मैथन स्थित संजय चौक बाइपास स्थित मंदिर की है। मंदिर में मौजूद लोगों ने आरती देवी को मैथन स्थित डीवीसी के बीपी नियोगी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

इस संबंध में महिला के पुत्र सौरव कुमार साव ने बताया कि वह चिरकुंडा स्थित ऊपर बाजार से अपनी मां के साथ मैथन संजय चौक स्थित बालाजी मंदिर पूजा करने आए थे। मंदिर के ऊपरी तल पर मां, श्रीश्याम खाटू की पूजा करने के बाद मंदिर की परिक्रमा कर रही थी। मैं भी पूजा कर रहा था तभी कुछ गिरने की आवाज आई। मैंने दौड़कर देखा तो सीढ़ी से नीचे मेरी मां गिरी हुई थी और सिर से काफी खून बह रहा था। आननफानन में कुछ लोगों की




मदद से उन्हें उठाकर मैथन के डीवीसी के अस्पताल लाया गया लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

इस घटना पर श्रीबालाजी धाम मंदिर कमेटी के अखिलेश्वर तिवारी का कहना है कि चूंकि मैं वहां नहीं था। लेकिन मंदिर में जो लोग मौजूद थे। उनका कहना है कि मंदिर के ऊपरी तल पर महिला परिक्रमा लगा रही थी। इस दौरान उसे चक्कर आया और उसका सिर दीवार से टकराया, जिसके कारण उनकी मौत हो गई।

परिजनों से मिली जानकारी के मुताबिक आरती देवी के पति प्रदीप साव का निधन कुछ साल पहले ही हुआ है, उनके दो बेटे हैं। शुभम कुमार साव और दूसरा सौरभ कुमार साव। आरती देवी के शव को परिजन चिरकुंडा लेकर चले गए। मालूम हो कि मंदिर दो मंजिला है। मंदिर में श्रीराम दरबार, श्री खाटूश्याम, हनुमान एवं मां शीतला की मूर्ति स्थापित है।

**मंदिर में दूसरी मौत, सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल:** मैथन संजय चौक बाईपास स्थित श्रीबालाजी धाम मंदिर के निर्माण से लेकर प्राण प्रतिष्ठा के दौरान पिछले 6 महीने में 2 लोगों की मौत हो चुकी है। इससे पहले भी निर्माण कार्य के दौरान मंदिर के गुंबद बनाने के क्रम में महाराष्ट्र के कारीगर की करंट लगने से मौत हो गई थी। इसके बाद महिला श्रद्धालु की गिरने से मौत हुई है। इन दो मौतों के बाद मंदिर में सुरक्षा को लेकर तरह तरह के सवाल उठने लगे हैं।

# रांची के बीएसएनएल ऑफिस में देर रात लगी आग, बड़ा हादसा टला

संवाददाता

**रांची:** शहीद चौक के पास स्थित बीएसएनएल दफ्तर में गुरुवार देर रात आग लग गई। जिससे लोगों में अफरातफरी मच गई। अग्निशमन विभाग द्वारा फायर ब्रिगेड की वजह से बीएसएनएल दफ्तर को बड़ी घटना से बचा लिया गया।

रांची के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित शहीद चौक के पास बीएसएनएल के दूरसंचार ग्राहक सेवा केंद्र परिसर में गुरुवार को देर रात आग लग गई। आग ग्राहक सेवा केंद्र के पास गलियारे में लगी, जिससे वहां रखा कुछ सामान जलकर खाक हो गया। आग लगने की जानकारी मिलने के बाद कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची, मौके पर त्वरित गति से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। बीएसएनएल की फायर फाइटिंग सिस्टम और अग्निशमन दस्ता की मदद से आग पर समय रहते काबू पा लिया गया, जिस कारण आग का फैलाव बीएसएनएल महाप्रबंधक



कार्यालय भवन और पास के जीपीओ तक नहीं हुआ। जिस कारण बड़ा हादसा टल गया।

'बीएसएलएल ऑफिस भवन के परिसर में आग लगी थी। लेकिन मौका रहते आग पर तुरंत काबू पा लिया गया है। आगजनी की वजह से कोई नुकसान नहीं हुआ'। -कोतवाली थाना प्रभारी आदिकांत महतो।

**बारात की वजह से लगी आग:** मौके पर मौजूद एक स्थानीय व्यक्ति ने बताया कि बारात में पटाखों की चिंगारी से कार्यालय परिसर में फर्श पर बिखरी सूखी पत्तियों में आग लग गई। इसके बाद वहां रखे अनुपयोगी सामान, वायर में आग लग गई। जिसकी वजह से कुछ देर तक आग की लपटें उपर उठती रही।

## हम हिंदू हैं, हिंदी नहीं: राज ठाकरे

# महाराष्ट्र के स्कूलों में थ्री-लैंग्वेज पॉलिसी का किया विरोध



**मुंबई:** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे ने राज्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के कार्यान्वयन के तहत स्कूलों में हिंदी को अनिवार्य तीसरी भाषा बनाए जाने का विरोध किया। राज ठाकरे ने एक्स पर में लिखा कि हम हिंदू हैं, लेकिन हिंदी नहीं। अगर आप महाराष्ट्र को हिंदी के रूप में चित्रित करने की कोशिश करेंगे, तो महाराष्ट्र में संघर्ष होना तय है। अगर आप यह सब देखेंगे, तो आपको लगेगा कि सरकार जानबूझकर यह संघर्ष पैदा कर रही है। यह सब आगामी चुनावों में मराठी और गैर-मराठी लोगों के बीच संघर्ष पैदा करने और इसका फायदा उठाने की कोशिश है। मनसे प्रमुख ने यह भी कहा कि हिंदी राष्ट्रीय भाषा नहीं है, फिर इसे महाराष्ट्र में छात्रों को शुरू से ही क्यों पढ़ाया जाना चाहिए।

ठाकरे ने लिखा आपका त्रिभाषी फामूर्ला जो भी हो, उसे सरकारी मामलों तक सीमित रखें, शिक्षा में न लाएं। देश में भाषाई क्षेत्रीयकरण किया गया और यह इतने सालों तक चला, लेकिन आपने अभी महाराष्ट्र पर दूसरे क्षेत्र की भाषा क्यों थोपना शुरू किया है। भाषाई क्षेत्रीयकरण के मूल सिद्धांत को कमजोर किया जा रहा है।

## सीएम नीतीश ने की महिला संवाद अभियान की शुरूआत

# 2 करोड़ महिलाओं तक पहुंचेगा सरकार का संदेश

**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज शुक्रवार को महिला संवाद अभियान की शुरूआत की। इस अभियान का उद्देश्य राज्य की महिलाओं को सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना और उन्हें सामाजिक व आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। राजधानी पटना से सीएम नीतीश कुमार ने 50 प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जो राज्य के कोने-कोने तक संदेश पहुंचाएंगे।

**600 स्थानों पर आयोजित होगा महिला संवाद कार्यक्रम:** अभियान के पहले दिन ही राज्य के 600 स्थानों पर महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अगले 60 दिनों में इस अभियान के तहत पूरे बिहार में



70,000 स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। खास बात यह है कि इनमें से 600 प्रचार वाहन विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण करेंगे और वहां की महिलाओं से संवाद स्थापित करेंगे।

**2 करोड़ महिलाओं तक बनाई जाएगी सीधी पहुंच:** सरकार का लक्ष्य है कि इस अभियान के माध्यम से लगभग 2 करोड़ महिलाओं तक सीधी पहुंच बनाई जाए। इसमें जीविका समूह की 1.135 लाख से अधिक महिलाएं भाग लेंगी। केवल पटना जिले में ही लगभग 1395 जगहों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें प्रतिदिन सुबह और शाम औसतन 1200 स्थानों पर संवाद होगा।

**अनेकों योजनाओं की दी जाएगी जानकारी:** महिला संवाद के तहत महिला सशक्तिकरण नीति 2015, शराबबंदी, आरक्षण, दहेज उन्मूलन, बाल विवाह निषेध, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, छात्रा पोशाक योजना, जीविका जैसी अनेक योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। यह अभियान न सिर्फ महिलाओं को जानकारी देने का माध्यम बनेगा, बल्कि उन्हें अपनी सामाजिक भूमिका और अधिकारों के प्रति जागरूक कर सशक्त समाज की नींव रखने में मदद करेगा।

## चीन ने रच दिया इतिहास

# नमक से बना डाला ईंधन

**बीजिंग :** चीन ने परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। देश ने दुनिया का पहला थोरियम मोल्टन सॉल्ट न्यूक्लियर रिएक्टर सफलतापूर्वक चालू कर दिया है। गोबी रेगिस्तान के किनारे स्थित इस अत्याधुनिक रिएक्टर में न सिर्फ बिजली का उत्पादन शुरू हो गया है, बल्कि इसमें चलते हुए नया ईंधन भी डाला जा चुका है। परमाणु प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में इसे एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

**क्या है थोरियम मोल्टन सॉल्ट रिएक्टर? :** यह रिएक्टर पारंपरिक न्यूक्लियर रिएक्टर्स से अलग है, जो यूरेनियम का उपयोग करते हैं। इसमें ईंधन के तौर पर थोरियम का इस्तेमाल किया जाता है, जिसे पिघले हुए नमक (मोल्टन सॉल्ट) में घोला जाता है। यह पिघला हुआ नमक घोल ही ईंधन का काम करता है और रिएक्टर को ठंडा भी रखता है। इसकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह बेहद उच्च तापमान पर भी सुरक्षित रूप से काम कर सकता है, जिससे ब्लास्ट या मेल्टडाउन जैसे गंभीर हादसों का खतरा कम हो जाता है।

**सुरक्षित और प्रचुर ईंधन:** थोरियम को यूरेनियम की तुलना में



कहीं अधिक सुरक्षित माना जाता है। यह पृथ्वी पर प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है झ विशेषज्ञों का मानना है कि चीन के इनर मंगोलिया क्षेत्र में स्थित थोरियम के विशाल भंडार इस तकनीक का उपयोग करके चीन की बिजली की जरूरतों को हजारों वर्षों तक पूरा करने की क्षमता रखते हैं। थोरियम से उत्पन्न होने वाला परमाणु कचरा (न्यूक्लियर वेस्ट) भी काफी कम और कम खतरनाक होता है। हालांकि, कुछ विशेषज्ञ यह भी बताते हैं कि इस प्रक्रिया से कुछ ऐसे उप-उत्पाद भी निकलते हैं जिनका इस्तेमाल परमाणु हथियार बनाने में किया जा सकता है, जिससे चीन की परमाणु शक्ति परोक्ष रूप से बढ़ सकती है।

**चलते रिएक्टर में ईंधन भरना: एक बड़ी उपलब्धि :** इस रिएक्टर की एक और उल्लेखनीय उपलब्धि यह है कि इसमें ऑपरेशन के दौरान ही सफलतापूर्वक नया ईंधन भरा जा सका। यह ठीक उसी तरह है जैसे कोई चलती हुई कार में पेट्रोल भरवाए। पारंपरिक रिएक्टरों में ईंधन बदलने के लिए उन्हें बंद करना पड़ता है, लेकिन मोल्टन सॉल्ट रिएक्टर में यह प्रक्रिया लगातार जारी रह सकती है, जो इसकी दक्षता और संचालन में लचीलापन बढ़ाती है।

**अमेरिकी रिसर्च पर आधारित चीन का विकास:** दिलचस्प बात यह है कि थोरियम मोल्टन सॉल्ट रिएक्टर की अवधारणा नई नहीं है। अमेरिका ने 1960 के दशक में इस तकनीक पर गहन शोध किया था और एक प्रोटोटाइप रिएक्टर भी बनाया था, लेकिन बाद में उसने यूरेनियम-आधारित रिएक्टरों पर ध्यान केंद्रित करने का फैसला किया। चीन के वैज्ञानिक शू होंगजिये के नेतृत्व में एक टीम ने अमेरिका द्वारा छोड़े गए शोध दस्तावेजों का अध्ययन किया और इस तकनीक को फिर से विकसित करने का बीड़ा उठाया।

चीन ने 2018 में इस रिएक्टर का निर्माण शुरू किया और कुछ ही वर्षों में शोधकर्ताओं की टीम 400 से अधिक वैज्ञानिकों तक पहुंच गई। गोबी रेगिस्तान के किनारे बनाए गए इस प्रोटोटाइप रिएक्टर की क्षमता 2 मेगावॉट थर्मल एनर्जी है और इसने 17 जून 2024 को पूरी क्षमता से काम करना शुरू किया। यह भी एक संयोग ही है कि इसी तारीख, यानी 17 जून को, ठीक 57 साल पहले चीन ने अपना पहला हाइड्रोजन बम परीक्षण किया था।

चीन के इस कदम को वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य और परमाणु प्रौद्योगिकी के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, खासकर ऐसे समय में जब दुनिया सुरक्षित, स्वच्छ और टिकाऊ ऊर्जा स्त्रोतों की तलाश कर रही है।

# सीएम हेमंत आज विदेश यात्रा के लिए होंगे रवाना
# औद्योगिक निवेश की संभावना पर करेंगे चर्चा

**मुख्यमंत्री 11 अधिकारियों के उच्चस्तरीय दल के साथ 19 से 27 अप्रैल तक स्वीडन और स्पेन के दौरे पर रहेंगे**

संवाददाता

**रांची:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 11 अधिकारियों के उच्चस्तरीय दल के साथ 19 से 27 अप्रैल तक स्वीडन और स्पेन के दौरे पर रहेंगे। यह दौरा राज्य में विदेशी निवेशकों को आमंत्रित करने के लिए है।मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पहले दिल्ली जाएंगे। मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री और अफसरों का दल 19 अप्रैल



की सुबह नई दिल्ली से स्पेन के लिए उड़ान भरेगा। समिति 27 अप्रैल तक वापस स्वदेश लौट आएगी। मुख्यमंत्री के साथ इस प्रतिनिधिमंडल में कल्पना सोरेन, मुख्य सचिव अलका तिवारी, सीएम के प्रधान सचिव अविनाश कुमार, उद्योग सचिव अरवा राजकमल, उद्योग निदेशक सुशांत गौरव समेत कुल 11 सदस्य शामिल हैं। मुख्यमंत्री और प्रतिनिधिमंडल रांची से दिल्ली के लिए आज रवाना होगा।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक 21 अप्रैल को प्रतिनिधिमंडल रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर की कंपनियों से मुलाकात करेगा। 22 अप्रैल को माइनिंग और स्टील सेक्टर की कंपनियों से बातचीत होगी। 23 अप्रैल को बर्सिलोना में एग्रीकल्चर मंत्रालय के अधिकारियों से चर्चा होगी। 25 अप्रैल स्वीडन में क्लीन एनर्जी कंपनियों से मुलाकात होगी। 26 अप्रैल को वन-टू-वन मीटिंग्स और निवेश प्रस्तावों पर चर्चा की जाएगी।

# हजारीबाग में 48 घंटे में दो बार हुई फायरिंग,अज्ञात अपराधियों ने युवक को मारी गोली, घायल

**हजारीबाग:** जिले के बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र में महज 48 घंटे के अंदर दूसरी बार गोलीबारी की घटना हुई है। पुलिस के मुताबिक देर शाम गोरहर थाना क्षेत्र अंतर्गत 5 अज्ञात अपराधियों ने एक युवक को गोली मारकर घायल कर दिया। घायल युवक को निजी अस्पताल में लाया गया। जहां अब उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। इससे पहले 15 अप्रैल के दिन इचाक थाना अंतर्गत एक अन्य युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

**मंदिर के बाहर हुई फायरिंग की घटना:** हजारीबाग के बरकट्ठा गोरहर थाना क्षेत्र अंतर्गत बंडासिंघा



शिवमंदिर की गुमटी के पास बैठे 30 वर्षीय अनूप यादव को अपराधियों ने गोली मार दी। जिससे वह घायल हो गया। घायल युवक को परिजन बरकट्ठा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे आरोग्यम अस्पताल रेफर किया गया। फायरिंग के दौरान युवक को आरोपियों ने 3 गोली पीठ में मारी है। पुलिस के मुताबिक आरोपी मोटरसाइकिल से युवक के पास अचानक पहुंचे और एक के बाद एक 4 फायरिंग कर दी और हमलावार फरार हो गए। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे। लेकिन सभी आरोपी मौके से भाग चुके थे। पुरानी रंजिश के तहत हुआ युवक पर हमला: घायल अनूप यादव ने बताया कि वह शिव मंदिर के पास दुकान पर बैठा था। 5 युवक मोटरसाइकिल से आए और गोली चलाने लगे। उसने यह भी कहा है कि गोली मारने वालों में शशांक, विक्रांत, उमरांत, हरिओम, सचिन पांडे है। वहीं घायल युवक के पिता ने कहा कि सरस्वती पूजा के दिन सरकारी स्कूल प्लस टू बारासिंघा में जुलूस निकाला गया था।

### मुख्यमंत्री ने विकास योजनाओं को लेकर की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक,अधिकारियों को दिया निर्देश

# 'कम से कम तीन ऐसी योजनाओं का चयन करें जिसका लाभ जल्द जनता को दिया जा सके'



संवाददाता

**रांचीः** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सभी विभागों को वित्तीय वर्ष 2025- 26 में कम से कम तीन ऐसी योजनाओं का चयन करने का निर्देश दिया है, जिसे एक से डेढ़ साल के अंदर राज्य की जनता को समर्पित किया जा सके ।

**योजनाएं धरातल पर तय समय सीमा में प्रभावी तरीके से उतरें:** मुख्यमंत्री ने झारखंड मंत्रालय में सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव,प्रधान सचिव,सचिव के साथ विभिन्न योजनाओं को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक करते हुए कहा कि ये योजनाएं धरातल पर तय समय सीमा में प्रभावी तरीके से उतरनी चाहिए । योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की समस्या आती है, तो उसका त्वरित और पूर्ण समाधान निकालें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सिर्फ योजनाएं ही नहीं, बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी पूरी तत्परता के साथ कार्य करें ताकि हर मोर्चे पर राज्य तेजी से आगे बढ़े।

**योजनाओं का लोगों को सीधा लाभ मिले:** सीएम सोरेन ने अधिकारियों से कहा कि जिन योजनाओं का चयन किया जाए, उसमें पूरी पारदर्शिता बरती जानी चाहिए । इन योजनाओं का लोगों को सीधा लाभ मिले, इसकी सुनिश्चित व्यवस्था हो। योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की कोताही और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इन योजनाओं के लिए जो भी संसाधन की जरूरत हो, उसकी व्यवस्था सुनिश्चित करें। सरकार की योजनाएं हर हाल में जन-जन तक पहुंचनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभागों द्वारा जिन योजनाओं का चयन किया जाए, वह पूरी तरह पारदर्शी, प्रभावी और असरदायक होनी चाहिए। इसके लिए सकारात्मक और मजबूत कदम उठाए जाएं, ताकि उसका फायदा राज्य की जनता को सहूलियत के साथ मिल सके। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रयासों से सरकार पर राज्य की जनता का विश्वास और अधिक मजबूत होगा। मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने कहा की योजनाएं औचित्यपूर्ण होनी चाहिए। कोई भी योजना तभी सार्थक साबित होती है, जब उसका लाभ लोगों को सही समय पर मिलता है । ऐसे में जो भी जरूरी योजनायें संचालित हो, उसे समय से पहले पूरा करने का प्रयास करें।

**पठन- पाठन सामग्री और साइकिल का वितरण होना चाहिए सुनिश्चित:** सीएम सोरेन ने अधिकारियों से कहा कि गर्मी के मौसम के पूर्व पेयजल और मॉनसून के पहले जल प्रबंधन तथा जाड़े का मौसम शुरू होने के पूर्व कंबल वितरण की व्यवस्था दुरुस्त कर ली जानी चाहिए। वहीं, नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने के पहले ही विद्यार्थियों के बीच पठन- पाठन सामग्री और साइकिल का वितरण सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी कई और जरूरी योजनाएं हैं, जिसको तय समय से पहले पूर्ण करने का प्रयास करें । मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों को आय, जाति आवासीय, जन्म और मृत्यु जैसे प्रमाण पत्र बनवाने के लिए काफी चक्कर लगाना पड़ता है। ऐसी शिकायतें लगातार मिलती रहती है। लोगों को कई बार समय पर ऐसे प्रमाण पत्र नहीं मिलने से काफी नुकसान उठाना पड़ता है। यह व्यवस्था के लिए अच्छा नहीं है। जाति, आवासीय, आय, जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र का सीधा सरोकार आम जनता से होता है। ऐसे में इस तरह के प्रमाण पत्र बनाने में परेशानी ना हो, इसकी व्यवस्था को पूरी तरह दुरुस्त रखें।

**योजनाओं के सफल बनाने के लिए विभाग ठोस रणनीति के साथ कार्य करें:** सीएम सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार की ओर से कई फ्लैगशिप योजनाएं संचालित की जा रही है। इन योजनाओं के लिए राशि का प्रावधान करने की दिशा में हमने प्रयास शुरू कर दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इन योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए विभागों को ठोस रणनीति के साथ कार्य करना है। इस सिलसिले में विभागों को सिर्फ राशि ही नहीं खर्च करना है, बल्कि संसाधनों को भी जुटाना है। जब हमारे पास संसाधन होंगे, तभी हम योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाने में कामयाब होंगे। इस उच्च स्तरीय बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी और मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार समेत सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव ,प्रधान सचिव , सचिव एवं कई अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## फाइनेंस और एसबीआई के बीच राज्यकर्मियों की सैलरी पैकेज को लेकर हुआ एमओयू

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उपस्थिति में वित्त विभाग, झारखंड सरकार और भारतीय स्टेट बैंक के बीच राज्य सरकार के कर्मचारियों की सैलेरी पैकेज को लेकर एमओयू पर हस्ताक्षर हुआ। एमओयू पर वित्त विभाग की विशेष सचिव राजेश्वरी बी एवं भारतीय स्टेट बैंक के उप महाप्रबंधक देवेश मित्तल ने हस्ताक्षर किए।

इस अवसर पर वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव वंदना दादेल, भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य महाप्रबंधक (झारखंड - बिहार) केबी बंगारराजू तथा महाप्रबंधक प्रभाष बोस मौजूद रहे। एमओयू के तहत जिन सरकारी कर्मचारियों का सैलरी अकाउंट भारतीय स्टेट बैंक में होगा, उन्हें बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के एक करोड़ रुपये तक का दुर्घटना बीमा समेत स्वास्थ्य बीमा एवं जीवन बीमा और कई अन्य बैंकिंग सेवाओं का लाभ मिलेगा।

एक बार फिर नए अध्याय की हो रही शुरूआतः मुख्यमंत्री ने एमओयू हस्ताक्षर समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सभी श्रेणी के सरकारी कर्मियों के सम्मान, सुरक्षा और कल्याण के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इस दिशा में सरकारी कर्मियों को आर्थिक सुरक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में आज से एक नए अध्याय की शुरूआत हो रही है। इसी कड़ी में राज्य सरकार के कर्मियों को दुर्घटना बीमा का कवर प्रदान करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक के साथ मिलकर यह कदम उठाया गया है। दुर्घटना बीमा के माध्यम से उन्हें सेवा काल के दौरान दुर्घटना में मौत होने पर उनके परिजनों को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता मिलेगी। इसके अलावा कई और व्यवस्थाएं हमारी सरकार ने शुरू की है, जिसके जरिए सरकारी कर्मचारियों के हितों को सुरक्षित करने का कार्य कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के विकास में सरकारी कर्मियों की अहम भूमिका होती है। राज्य कैसे आगे बढ़े, इसके लिए नीति निर्धारण से लेकर कार्य योजनाओं को धरातल पर उतारने का माध्यम सरकारी कर्मचारी बनते हैं। ऐसे में सरकारी कर्मियों का मनोबल बढ़ाने के साथ, उन्हें कार्य करने के लिए बेहतर वातावरण दिया जा रहा है। सरकारी कर्मचारी भी राज्य हित में अपने कार्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ करें।

## मेगा प्लेसमेंट ड्राइव व स्टार एलुमनाई कनेक्ट कार्यक्रम का आयोजन



संवाददाता

**मांडरः** मांडर के हेसमी में झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी के अंतर्गत मुख्यमंत्री सारथी योजना मांडर के हेसमी स्थित मेगा प्लेसमेंट ड्राइव एवं स्टार एलुमनाई कनेक्ट कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया । झारखण्ड कौशल विकास मिशन सोसाइटी प्रमुख योजना मुख्यमंत्री सारखी योजना के अंतर्गत रोजगार प्लेसमेंट ड्राइव करना है। इस योजना के अंतर्गत राज्य के 18-35 वर्ष के युवाओं के लिए निः शुल्क कौशल प्रशिक्षण के उपरांत रोजगार से जोड़े जाने का अभियान चलाया जा रहा है। मिशन निदेशक शैलेन्द्र कुमार लाल झारखण्ड कौशल विकास मिशन सोसाइटी के निदेर्शानुसार दीन दयाल उपाध्याय कौशल केंद्र सक्षम झारखण्ड कौशल विकास सेंटर के विभिन्न ट्रेड में विशेषप्लेसमेंट ड्राइव, औद्योगिक भ्रमण और ऑन जॉब ट्रेनिंग उपलब्ध कराया गया। सहाना क्लोदिंग प्राइवेट लिमिटेड, एससीएम गारमेंट्स, याजाकी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा प्लेसमेंट में 85 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया जिसमें 45 प्रशिक्षुओं का चयन किया गया। वही 60 प्रशिक्षुओं को कौशल पाठ्यक्रम पूरा करने का प्रमाण पत्र दिया गया और पूर्व छात्र अभ्यर्थियों को सम्मानित भी किया गया। झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी द्वारा उपलब्ध करायी जाने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। नियोजक द्वारा रिक्तियों का विस्तृत जानकारी साझा किया गया। इस कार्यक्रम में अमित कुमार विजय परियोजना सहायक, रांची जिला, यूएनडीपी, विनायका फंडामेंटल रिसर्च एंड एजुकेशनल सोसाइटीसे केंद्र परियोजना प्रमुख टी. शरण, सेंटर मैनेजर रोहित कुमार, प्लेसमेंट मैनेजर अनुष्का मीठा के साथ-साथ कार्यालय के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे ।

### सोनेट प्रीमियर लीग का शानदार आगाज

## उद्घाटन मैच में शोनेट अवेंजर्स ने सोनेट स्ट्राइकर को 85 रनों से हराया

### सचिन तिवारी ने खेली शानदार पारी



संवाददाता

**रांची :** सनी सचिन तिवारी की शानदार अर्धशतकीय पारी की बदौलत आज नामकुम में शुरू हुई सोनेट प्रीमियर लीग के उद्घाटन मैच में शोनेट अवेंजर्स ने सोनेट स्ट्राइकर को 85 रनों से पराजित कर दिया। सोनेट अवेंजर्स की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट पर 179 रन बनाएं जवाब में स्ट्राइकर की टीम ने 15.4 ओवर में 94 रन पर ही सिमट गई विजेता टीम की ओर से सचिन तिवारी ने सर्वाधिक 71 रनों की पारी खेली उन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया गौरव पाल ने 17 मनीष कुमार ने 45 कुमार झा ने 14 यशराज सिंह ने 17 रनों का योगदान किया मोहित अभिषेक चौधरी और मुदस्सर अली को दो-दो विकेट मिले जवाबी पारी में स्ट्राइकर की टीम की ओर से नीतीश कुमार पांडे ने 47 शुभम गुप्ता ने 17 रनों का योगदान किया बाकी खिलाड़ी कुछ खास नहीं कर सके अविनाश सिंह ने 14 रन दे कर चार चार विकेट

और गौरव पाल ने 21 रन के दो विकेट लिए मैच शुरू होने से पूर्व सोनेट क्लब के पूर्व प्रशिक्षक दिल्ली द्रोणाचार्य अवार्ड से सम्मानित किया गया। तारक सिन्हा की याद में 2 मिनट का मौन रखकर खिलाड़ियों और अधिकारियों ने रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पूर्व रणजी खिलाड़ी क्लब के प्रशिक्षक एसपी गौतम चंचल भट्टाचार्य, तुषार कुमार, अजातशत्रु क्लब के प्रशिक्षक आसिफ हक पीयूष स्लोक संतोष टनटन और महताब ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया।

## रामनवमी की रात हुई मारपीट मामले में सात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज




**चतराः** शहर से सटे देवरिया गांव निवासी कन्हाई पांडेय ने सदर थाना में आवेदन देकर सात लोगो के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कराया है। प्राथमिकी में लाइन मुहल्ला ग्वालटोली निवासी दिलीप गोप (स्व0 चरितर गोप), पुष्कर गोप (दिलीप गोप), जयकी यादव (फुटून गोप), कुंदन यादव (कन्हाई गोप), प्रिंस यादव (पिता संतोष यादव), राजन गोप (पिता आदित्य गोप) व संतोष निषाद पर मामला दर्ज किया गया है। बताते चलें कि बीते छह अप्रैल की रात रामनवमी जुलूस झांकी को लेकर दो गुटों में मारपीट हुई थी। सात अप्रैल को दोनों ओर से एक दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाते हुए थाना में प्राथमिकी दर्ज के लिए आवेदन दिया था। परंतु पुलिस ने एक पक्ष का ही मामला दर्ज किया था। दूसरे पक्ष के आवेदन पर मामला दर्ज नहीं होने पर लोगों ने इसकी शिकायत एसपी विकास पांडेय से की थी। एसपी के निर्देश पर आनन फानन में मामला दर्ज किया गया। ऐसे में सदर पुलिस के कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे थे। कन्हाई पांडेय ने बताया कि रामनवमी रात एक बजे जुलूस पत्थलदास मंदिर पहुंचा, तभी पूर्व के दुश्मनी से घात लगा कर उक्त लोगो ने मारपीट की। साथ ही गले से सोने का चैन छीन लिया और पैकेट से 20 हजार रुपए निकाल लिया। मारपीट में कन्हाई पांडेय के अलावा रितेश पांडेय, उमेश पांडेय, राजेश पांडेय, बब्लू पांडेय समेत अन्य घायल हो गये थे। इस संबंध में थाना प्रभारी विपिन कुमार ने कहा कि आवेदन के आधार पर थाना कांड संख्या 140/25 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।दोनो ओर से मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राथमिकी के पश्चात दोनों पक्षों के खिलाफ कार्रवाई प्रारंभ की जा रही है।



## हंटरगंज में पेड़ काटने का मामला आया सामने

**चतराः** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम गेंजना में एक पेड़ काटने का मामला सामने आया है। संतोष कुमार सिंह ने वन संरक्षक महोदय रेंजर चतरा हंटरगंज को एक आवेदन देकर आरोप लगाया है कि सचितानन्द सिंह और मनिष कुमार सिंह ने उनकी मर्जी के बिना उनके शीशम के पेड़ को काट लिया है।संतोष कुमार सिंह ने कहा कि सरकारी नियम के अनुसार हरा-भरा पेड़ वन विभाग के आदेश के बिना नहीं काटा जा सकता है। उन्होंने वन संरक्षक से अनुरोध किया है कि इस मामले में उचित कार्रवाई करें ताकि इस तरह का कार्य दोहराया न जाए और उन्हें न्याय मिल सके।

वन विभाग की कार्रवाई का इंतजारः अब देखना यह है कि वन विभाग इस मामले में क्या कार्रवाई करती है और आरोपियों के खिलाफ क्या कदम उठाती है। पेड़ काटने की यह घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

## सरकारी स्कूल का शौचालय खराब, खुले में शौच जाने को मजबूर बच्चे

- दो दिन से मध्याह्न भोजन भी है बंद
- स्कूल यूनिफार्म की बजाय रंग- बिरंगे कपड़ो में दिखे बच्चे






संवाददाता

**चतराः** झारखण्ड सरकार और केंद्र सरकार बेटी पढ़ाओ बेटी बेटी बचाओ का लाख दावा कर ले, परंतु जमीनीं हकीकत कुछ और ही बयां कर रही हैं। हंटरगंज प्रखंड का उत्क्रमित मध्य विद्यालय सरहचिया गवाही दे रहा है कि सरकार की करनी और कथनी में कितना अंतर है। सरकार स्वच्छ भारत अभियान को लेकर प्रतिबद्ध है, लेकिन अधिकारी लापरवाह बने हुए हैं। उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर में शौचालय तो बना है, लेकिन सिर्फ दिखावे का। काफी दिनों से शौचालय खराब पड़ा है और उसमें ताला लगा हुआ है। शौचालय खराब रहने से अध्यापकों व बच्चों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है,साथ ही खुले में शौच करने को मजबूर होना पड़ रहा है। केंद्र सरकार स्वच्छता अभियान को प्रमुखता से ले रही है और खुले में शौच को पूरी तरह से रोकने के साथ ही हर घर में शौचालय का निर्माण कराने के लिए कटिबद्ध है। वहीं अधिकारी योजना को पलीता लगाने में लगे हैं। छात्र - छात्राएं एक किलोमीटर दूर खुले में शौच जाने को मजबूर हैं।

**दो दिन से मध्याह्न भोजन भी है बंद :** विद्यालय के छात्रों ने बताया कि दो दिनों से मध्याह्न भोजन बंद है।

**सतरंगी कपड़ो में दिखे छात्र-छात्राएं :** बच्चों के यूनीफार्म के लिए डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के जरिये खाते में भेजी गई धनराशि को 100% अभिभावकों ने अपनी निजी स्वार्थ में खर्च कर दिया है। बच्चों ने कहा - घरेलू कार्य के लिए खर्च हो गए पैसे। वही कुछ छात्रों ने बताया ड्रेस सिलवाने के लिए दिए गए हैं।

**क्या कहते हैं प्रधानाध्यापक:** प्रधानाध्यापक फागू दास ने बताया कि पैसा खाते में भेजा गया था जिसे अभिभावकों ने अन्य मद में खर्च कर लिया।अधिकांश बच्चे बिना ड्रेस के स्कूल आए हैं। उन्होंने कहा अभिभावकों को ड्रेस बनवाने को लेकर हिदायद दी गई है। वही कहा कि शौचालय जल्द ही चालू कर दी जाएगी।मध्याह्न भोजन रसोइया नहीं होने के कारण दो दिन बंद हुवा है। आज बच्चों के बीच फल का वितरण किया गया है।

**क्या कहते हैं बीईओ:** इस संबध में पूछे जाने पर प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कानन पात्रा ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। जांच की जा रही है।

राजधानी में अपराधी बेलगाम

# जेवर दुकानदार को मारी गोली, फैली सनसनी, जांच में जुटी पुलिस

**संवाददाता**

**रांचीः** राज्य में कानून व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति को लेकर विपक्ष लगातार सत्ता पक्ष पर हमलावर है। बिगड़ती कानून व्यवस्था की बानगी आज भी राजधानी में देखने को मिली। जहां राजधानी रांची के रातू थाना क्षेत्र में एक जेवर दुकानदार को अज्ञात अपराधियों ने गोली मार दी। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। गोली लगने के बाद घायल कारोबारी को इलाज ले लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वही रातू पुलिस मामले की जांच कर रही है।



**दुकान में लूट के मकसद से मारी गोलीः** जानकारी के अनुसार रातू थाना क्षेत्र के चटकपुर में आकाश ज्वेलर्स के मालिक बसंत कुमार को दुकान में घुसकर अपराधियों ने गोली मारी है। रातू थाना प्रभारी रामनरायण ने बताया कि घटना को लूट के उद्देश से अंजाम दिया गया है या किसी अन्य वजह से इसकी जांच की जा रही है। आरोपियों ने घायल दुकानदार को कंधे में गोली मारी है।

**दो आरोपियों ने किया मुझ पर हमलाः** कारोबारी जानकारी के अनुसार रातू थाना क्षेत्र के चटकपुर में आकाश ज्वेलर्स के मालिक बसन्त कुमार को दुकान में घुसकर अपराधियों ने गोली मारी है। घायल बसंत कुमार ने पुलिस को बताया है कि वह अपनी दुकान में बैठे थे। इसी दौरान हथियार लेकर 2 अपराधी दुकान के अंदर आ गए। दुकान में आते ही अपराधियों ने उन्हें गन प्वाइंट पर लेकर दुकान की तिजोरी को खोलने को कहा।

> **अपराधियों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है। दुकान और आसपास के सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है। गोलीबारी में घायल दुकानदार खतरे से बाहर है। डॉक्टरों के द्वारा उनका इलाज किया जा रहा हैः**
>
> **राम नारायण, प्रभारी, रातू थाना**

दुकानदार बसंत कुमार ने हिम्मत दिखाते हुए दोनों अपराधियों का विरोध करने लगे। बसंत कुमार के शोर मचाने की वजह से आसपास के लोग जब इकट्ठा होने लगे तब एक अपराधी ने बसंत कुमार पर फायर कर दिया। फायरिंग में एक गोली बसंत कुमार के कंधे में जा लगी। जिसके बाद दोनों अपराधी मौके से फरार हो गए। दोनों अपराधियों को स्थानीय लोगों ने काफी दूर तक दौड़ाया भी लेकिन दोनों फरार होने में कामयाब रहे।

**खतरे से बाहर हैं बसंत कुमार :** अपराधियों के गोलीबारी में घायल बसंत कुमार को स्थानीय लोगों द्वारा तुरंत नजदीक अस्पताल में ले जाया गया। जहां डॉक्टरों द्वारा उनका इलाज किया जा रहा है। बसंत कुमार का इलाज कर रहे डॉक्टर हेमंत सिंह ने बताया कि बसंत को कंधे में गोली लगी है। उनकी स्थिति अब खतरे से बाहर है। दूसरी तरफ गोलीबारी की वारदात के बाद रातू पुलिस मामले की जांच में जुटी है और अपराधियों की खोज में छापेमारी कर रही।

## गुड फ्राइडे आज, रांची के गिरजाघरों में होंगी विशेष आराधना

**संवाददाता**

**रांचीः** मसीही समाज 18 अप्रैल को गुड फ्राइडे यानी पुण्य शुक्रवार के रूप में प्रभु यीशु मसीह के क्रूस पर बलिदान की स्मृति मनायेगा। इस दिन सभी गिरजाघरों में विशेष आराधनाएं आयोजित की जायेंगी, जिसमें बड़ी संख्या में मसीही विश्वासी भाग लेंगे।

गुड फ्राइडे पर सुबह छह बजे प्रातः वंदना और पाप स्वीकार के साथ आराधना की शुरूआत होगी। सुबह 10:30 बजे क्रूस रास्ता की आराधना होगी, जिसमें यीशु मसीह के कष्टों और बलिदान का स्मरण किया जायेगा। शाम 4:30 बजे लोयला मैदान में पुण्य शुक्रवार की धर्मविधि आयोजित होगी। शाम सात बजे लोयला मैदान में ही क्रूस रास्ता की विशेष आराधना होगी, जिसमें आर्चबिशप विंसेंट आईंद स्वयं क्रूस ढोते हुए भाग लेंगे। कैथोलिक चर्चों में इस दिन यीशु के दुखभोग और क्रूस यात्रा का जीवंत चित्रण किया जायेगा। विश्वासी क्रूस पर चढ़ाये जाने से लेकर कब्र में रखे जाने तक की 14 घटनाओं को स्मरण करेंगे। धर्मविधि के दौरान आर्चबिशप और पुरोहित यीशु के बलिदान और मानव मुक्ति में उसकी भूमिका को समझायेंगे।

## नामकुम में आज से मांस-मछली की बिक्री पूरी तरह से प्रतिबंधित, इलाके में निषेधाज्ञा लागू

**रांचीः** राजधानी रांची के नामकुम थाना क्षेत्र में आज (18 अप्रैल) से मांस-मछली की बिक्री पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगी। 18 अप्रैल की सुबह 6 बजे से 20 अप्रैल की रात 11 बजे तक इलाके में निषेधाज्ञा लागू किया गया है। इस दौरान इलाके में मांस-मछली की दुकानें बंद रहेगी। रांची सदर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गयी है।

**उल्लंघन करने वालों पर होगी कार्रवाईः** नामकुम स्थित खोजाटोली आर्मी मैदान में आयोजित एयर शो के मद्देनजर आर्मी मैदान के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू की गयी है। जारी आदेश में कहा गया है कि 18 अप्रैल से 20 अप्रैल तक आर्मी मैदान के 200 मीटर की परिधि में मांस-मछली की सभी दुकानें बंद रहेगी। आदेश का उल्लंघन करने वालों पर उचित कार्रवाई होगी। प्रशासन ने सुरक्षा कारणों से यह निर्णय लिया है।

**एयर शो कार्यक्रम में प्रवेश निःशुल्कः** नामकुम स्थित खोजाटोली आर्मी मैदान में 19 और 20 अप्रैल को भारतीय वायुसेना का एयर शो होने वाला है। कार्यक्रम सुबह 09:45 बजे से शुरू होगा और 10:45 बजे समाप्त होगा। दोनों दिन कार्यक्रम की समयावधि एक ही रहेगी।

## डॉ मनसुख मांडविया ने 220 बिस्तरों वाले नव विकसित ईएसआईसी अस्पताल का किया उद्घाटन

**रांचीः** केंद्रीय श्रम एवं रोजगार और युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने झारखंड की राजधानी रांची के नामकुम में 220 बिस्तरों वाले नव विकसित ईएसआईसी अस्पताल का उद्घाटन किया। यह अत्याधुनिक अस्पताल झारखंड राज्य में कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) योजना के तहत स्वास्थ्य सेवा वितरण को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।



इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के साथ-साथ सांसद प्रदीप वर्मा, विधायक राजेश कच्छप और ईएसआईसी के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान डॉ मांडविया ने ईएसआई के लाभार्थियों को सम्मानित किया और उन्हें नकद लाभ प्रमाण पत्र, स्वीकृति पत्र प्रदान किए और इस अस्पताल के निर्माण में शामिल श्रमिकों को भी सम्मानित किया। अपने संबोधन में मंत्री डॉ मांडविया ने कहा कि आज का दिन रांची के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। आने वाले दिनों में इस अस्पताल से 5 लाख से अधिक श्रमिकों को स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त होंगी। उन्होंने बताया कि यह अस्पताल केवल एक इमारत नहीं है, बल्कि यह हमारे श्रमिकों की मेहनत और समर्पण का प्रतीक है।

कोविड महामारी के बाद किए गए सरकार के प्रयासों का उल्लेख करते हुए डॉ मांडविया ने कहा कि 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज प्रदान किया जा रहा है। इसके साथ ही, 60 करोड़ से अधिक लोगों को आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है। उन्होंने कहा, 'यह अस्पताल केवल एक भवन नहीं, बल्कि एक मंदिर है। यहां कार्यरत सभी चिकित्सक और कर्मचारी पुजारी के समान हैं और जो भी मरीज यहां आते हैं, वे हमारे लिए भगवान के समान हैं। हम उनकी पूरी सेवा श्रद्धा और समर्पण के साथ करेंगे।' इस मौके पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने इस अस्पताल के उद्घाटन पर सभी को शुभकामनाएं दी और गरीबों, कमजोर वर्ग के लोगों की ज्यादा से ज्यादा सेवा करने की सलाह की। सेठ ने कहा कि जल्द से जल्द मेडिकल कॉलेज यहां खुले ताकि क्षेत्र के स्वास्थ्य सेवाओं में और सुविधा और बेहतरी आए। मैं कोरोना काल में स्वास्थ्य मंत्री के रूप में नेतृत्व करने के लिए मनसुख मांडविया जी की झारखंड की धरती पर स्वागत एवं अभिनंदन करता हूं।



## लेखिका रोज केरकेट्टा का निधन, लंबे समय से थीं बीमार

**रांचीः** झारखंड की लेखिका और आदिवासी अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाली रोज केरकेट्टा का निधन हो गया। वह काफी समय से बीमार चल रही थीं। उनकी उम्र 84 वर्ष थी। रोज केरकेट्टा को प्रभावती सम्मान, रानी दुर्गावती सम्मान और अयोध्या प्रसाद खत्री सम्मान से भी नवाजा गया था। उनकी कहानी संग्रह पगहा जोरी-जोरी रे घाटो काफी चर्चित रही है। इस बीच लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान ने रोज केरकेट्टा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निधन से झारखंड को अपूरणीय क्षति हुई है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग**

**शुद्धि पत्र /सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना संख्या- BCD/EE/ HAZARIBAG/ 76 /2024-25 ,PR संख्या- 349523 Building (24-25).D द्वारा प्रकाशित निविदा कार्य का नाम- Proposed Construction of 50 Bedded Hostel for Madarsa Jabra Al Jamaitul Hafizia at Block - Churchu, Vill- Indira, Hazaribagh, For The Year 2024-2025 को अपरिहार्य कारणवश रद्द की जाती है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 350582 Building(25-26)#D


## एक्शन मोड में मंत्री इरफान अंसारी, रिम्स निदेशक डॉ राजकुमार को किया बर्खास्त

**संवाददाता**

**रांची :** राजधानी रांची के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स के निदेशक डॉ राजकुमार को उनके पद से बर्खास्त कर दिया गया है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री सह रिम्स शासी परिषद के अध्यक्ष डॉ इरफान अंसारी ने इस संबंध में आदेश जारी किया । इस निर्णय पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का अनुमोदन भी ले लिया गया है।

**तीन महीने का वेतन और भत्ता दिया गयाः** डॉ इरफान अंसारी द्वारा जारी आदेश में बताया गया कि निदेशक डॉ राजकुमार ने मंत्री परिषद, शासी परिषद और स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनहित में दिये आदेशों का पालन नहीं किया। इसके अलावा रिम्स अधिनियम-2022 के तहत निर्धारित उद्देश्यों की पूर्ति भी नहीं हो पायी। निदेशक डॉ राजकुमार की सेवा संतोषजनक नहीं होने के कारण उन्हें पद से हटाया गया हालांकि डॉ राजकुमार को रिम्स नियमावली-2022 के नियम 9 (6) के तहत तीन महीने का वेतन और भत्ता देकर तत्काल प्रभाव से पद से बर्खास्त किया गया है।




**मंत्री बनने नहीं, सिस्टम सुधारने आया हूं :** डॉ इरफान अंसारी स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि गलत जानकारी देने वाले सभी अधिकारी अब नपेंगे राज्य के हित में जो अच्छा काम करेगा उसे इनाम मिलगा मंत्री ने कहा कि वे यहां केवल एक मंत्री बनने नहीं आयें हैं, बल्कि राज्य के सिस्टम को सुधारने आयें हैं उन्होंने कहा डॉ राजकुमार लगातार आदेशों की अवहेलना कर रहें थे बैठक में डॉ राजकुमार के साथ हुई थी बहसः जानकारी के अनुसार डॉ राजकुमार अवकाश पर थे उन्होंने निदेशक का प्रभार डीन डॉ शशिबाला सिंह को सौंपा था। बीते 15 अप्रैल को रिम्स शासी परिषद की 59वीं बैठक हुई थी। इस बैठक में डॉ राजकुमार के साथ कुछ मुद्दों पर बहस भी हुई थी इससे पूर्व भी रिम्स के तीन निदेशक अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर सके। डॉ डीके सिंह और डॉ कामेश्वर प्रसाद ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था

**लखनऊ में प्रोफेसर के पद पर थे डॉ राजकुमारः** राज्य सरकार ने 31 जनवरी 2024 को डॉ राजकुमार को निदेशक के पद पर नियुक्त किया था इससे पहले वे लखनऊ के संजय गांधी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में न्यूरोलॉजी विभाग में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत थे।

जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में गड़बड़ी का मामला

# उगाही के आरोपी 6 जवानों की बर्खास्तगी की अनुशंसा




**संवाददाता**

**रांचीः** जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में पेपर लीक कर परीक्षा पास कराने के नाम पर उम्मीदवारों से धोखाधड़ी कर धन उगाही करनेवाले गिरोह में शामिल आइआरबी के छह जवानों को बर्खास्त करने की अनुशंसा की गयी है। यह अनुशंसा परीक्षा की जांच के लिए गठित एसआइटी की जांच में आये तथ्यों के आधार पर पुलिस मुख्यालय स्तर से जैप के अधिकारियों को की गयी है। इसके लिए पुलिस मुख्यालय ने जैप के अधिकारियों को पत्र लिखा है।

इस तथ्य के आधार पर कि जवानों के कारनामे से पुलिस विभाग की छवि धूमिल हुई है। जिन जवानों की बर्खास्तगी की अनुशंसा की गयी है, उसमें औरंगाबाद जिला के ओबरा थाना क्षेत्र निवासी कुंदन कुमार, गिरिडीह के धनवार थाना क्षेत्र निवासी रॉबिन कुमार, कोडरमा जिला के सतगांव थाना क्षेत्र निवासी अखिलेश कुमार, चतरा के हंटरगंज थाना क्षेत्र के निवासी गौरव कुमार और गिरिडीह के गावां थाना क्षेत्र निवासी अभिलाश कुमार शामिल है। सभी जवान आइआरबी-8 गोड्डा के जवान हैं। परीक्षा में गड़बड़ी की जांच को लेकर गठित एसआइटी की जांच में उक्त जवानों की भूमिका सामने आ चुकी है।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

डीजल शेड आबूरोड के कार्य के लिए ई निविदा वर्ष 2025-26 **1. NIT No.: M233/163/RT3/2024-25 (Green certification) 1. कार्य का नाम स्थान अवधि:** Hiring of consultant for Energy Efficiency Services - consulting firm, Green building consultant as per scope of work for Administrative Building of Diesel Shed ABR and Diesel Traction Training Center ABR. **2. कार्य की अनुमानित लागत:** Rs. 6,13,600 **3. बयाना राशि जो कि जमा करानी है |:** Rs. 12,300 **4. टेण्डर प्रस्तुत करने एवं टेण्डर खुलने का समय व दिनांक:** 15.00 बजे, दिनांक 13.05.2025 तक through E-tendering online submission on IREPS, उसी दिन पश्चात खोली जायेगी। **2. NIT No-: M 233/163/2024-25/RT3 (AMC of HVAC) 1. कार्य का नाम स्थान अवधि:** Repair and maintenance of roof mounted cab AC units during minor and major inspection schedule, one time repair and AMC of HHP Diesel loco Cab AC at Diesel Shed Abu Road for a period of 02 years. **2. कार्य की अनुमानित लागत:** Rs. 1,75,77,398 **3. बयाना राशि जो कि जमा करानी है |:** Rs. 2,37,900 **4. टेण्डर प्रस्तुत करने एवं टेण्डर खुलने का समय व दिनांक:** 15.00 बजे, दिनांक 13.05.2025 तक through E-tendering online submission on IREPS, उसी दिन पश्चात खोली जायेगी। **वेबसाईट विवरण एवं सूचना पट्ट का स्थान जहां से टेण्डर की पूर्ण जानकारी देखी जा सके। http://www.ireps.in** डीजल शेड आबूरोड के सूचना पट्ट पर **NOTE:** The offer can only be accepted through E-Tendering on the website of **https://www.ireps.gov.in/**Offer in any other form will not be accepted. The tenderer / bidders must have Class-III Digital Signature Certificate & must be register on **IREPS** portal. Only registered tenderer/bidders can participate on e-Tendering. All relevant paper must be uploaded at the time of participating in e-Tendering **445-AJ/25**

हमें @NWRailways @NWRailways पर फॉलो करें



**e-Procurement Cell**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION NO. – 1, RANCHI**
(Behind State Guest House Morhabadi) Dindayal Nagar Booty Road Ranchi-834008

**Short Term e-Procurement Notice**
**Date – 17-04-2025**

| Sl. No. | Tender Reference No. | Work Name | Amount (Rs.) | Completion Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/04/2025-26 | Renovation of Irrigation Guest House (Minister Residence) at A.G. More, Doranda, Ranchi | 7202600 | Three Month |
| 2 | Start Date of Submission of Bids | | 23-04-2025 at 11.00 AM | |
| 3 | Last Date/Time of Submission of Bids | | 30-04-2025 at 11.00 AM | |
| 4 | Date/Time of Opening of Bid | | 02-05-2025 at 11.00 AM | |
| 5 | Helpline Number of e-procurement Cell | | 8527519262 | |
| 6 | e-mail ID | | eebcddiv1ranchi@gmail.com | |

Note :- Cost of bidding document (Non Refundable) & Bid Security Shall be payable on online through http://Jharkhandtenders.gov.in
Any Change can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in
Any Other information can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer Building Construction Department**
**Building Division No. 1, Ranchi**

PR 350581 (Building)25-26*D



झारखण्ड सरकार श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,
जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेन्टर, गुमला।
भर्ती कैम्प- 2025
सूचना

राज्य के बेरोजगार युवक/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजन का अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेन्टर, गुमला के तत्वाधान में दिनांक-22.04.2025 दिन (मंगलवार) को पूर्वाहन 10:30 से 4:00 बजे तक एक दिवसीय भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। भर्ती कैम्प में निम्नांकित प्रमुख नियोजक ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :-
स्थान- जिला नियोजनालय, गुमला कार्यालय परिसर में।

| Sl NO | Name of the Employer & Address | Name of the post | No. of Vacancy | Qualification Required – Essential | Experience if any | Age (Min. / Max Year) | (Pay/ Scale) | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | Muthoot Microfin Limited Ranchi | Relationship officer (For Male and Female) | 25 | 12th/Graduation Pass | Fresher | 19 to 28 Years | 17,000/- Gross Per Month | All over Jharkhand. |
| 2 | R2R Pvt Ltd. | Technician Trainee (Only For Male) | 50 | 10th, 12th Pass. | Fresher | 18 to 32 Years. | 9,000/- Per Month | Tamilnadu. |

नोट :- योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा नजदीकी नियोजनालय पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक/नियोजकों के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों Residential, Resume (Self Attested), Aadhar Card (Self Attested), Pan Card (Self Attested), Voter Id Card (Self Attested), Own Bike/ Scooty RC (Self Attested), Knowledge of Bike Riding Mandatory, Educational Mark sheet and Caste Certificate, Complete Field Work Job एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02) दो पासपोर्ट साईज फोटो एवं अनिवार्य रूप के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उसे निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है।
अतः इस प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा।

❖ किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं है।

जिला नियोजन पदाधिकारी,
जिला नियोजनालय, गुमला।

PR 350571 Labour Employment and Traning(25-26)D

## सुविचार

मेहनत अगर आदत बन जाए, तो
सफलता ही तकदीर बन जाती है।

## सिद्धारमैया की मुश्किल

**कर्नाटक** में जाति जनगणना की लीक हुई रिपोर्ट ने राज्य की राजनीति में तूफान ला दिया है। इस रिपोर्ट के तथ्यों पर उठाए जा रहे सवालों को छोड़ दें, तो भी राज्य की कांग्रेस सरकार के लिए इसे स्वीकार करना आसान नहीं होगा। इससे सियासी और सामाजिक समीकरण पूरी तरह बदल जाएंगे, जिसका असर देश के बाकी राज्यों पर भी पड़ेगा। ऐसे में जब गुरुवार को सीएम सिद्धारमैया अपनी कैबिनेट के साथ इस मामले पर चर्चा करेंगे, तो उनके सामने बहुत सारे सवाल होंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, कर्नाटक में अन्य पिछड़ा वर्ग की आबादी अनुमान से ज्यादा है। ओबीसी के लिए आरक्षण को 32% से बढ़ाकर 51% और मुस्लिम समुदाय के लिए 4% से 8% करने की सिफारिश की गई है। लेकिन, सबसे ज्यादा विरोध हो रहा है लिंगायत और वोक्कालिगा समुदायों की ओर से, जिनकी जनसंख्या अनुमान से कम बताई जा रही है। कर्नाटक की राजनीति में ये दोनों जातियां बेहद प्रभावी हैं। सामाजिक रूप से भी दोनों का खासा प्रभाव है। कांग्रेस के सामने मुश्किल यह है कि वह जाति जनगणना का समर्थन करती रही है। राहुल गांधी कई मौकों पर कह चुके हैं कि जिसकी जितनी आबादी है, उसकी उतनी ही हिस्सेदारी होनी चाहिए। लेकिन, इस पर कांग्रेस के भीतर से ही विरोध के सुर उठ रहे हैं। यह ऐसा मुद्दा है, जिसने जातीय आधार पर नेताओं की गोलबंदी कर दी है। वोक्कालिगा समुदाय से आने वाले डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने अपने धड़े के विधायकों के साथ मुलाकात की है ताकि कैबिनेट मीटिंग में सही ढंग से पक्ष रखा जा सके। सिद्धारमैया और कांग्रेस के सामने अपनों को मनाने की ही नहीं, रिपोर्ट को विश्वसनीय दिखाने की भी चुनौती है। आरोप लग रहे हैं कि रिपोर्ट को वैज्ञानिक तरीके से नहीं तैयार किया गया है। कांग्रेस के ही एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि सर्वे टीम उनके घर नहीं पहुंची तो फिर रिपोर्ट कैसे तैयार की गई? यह भी कहा जा रहा है कि कई उपजातियों ने आरक्षण का फायदा लेने के लिए खुद को अलग कैटिगरी में दर्ज करा दिया। ये दोनों ही बिंदु गंभीर हैं और सरकार को इन्हें जरूर देखना चाहिए। रिपोर्ट के आधार पर कर्नाटक में कुल आरक्षण करीब 75% तक हो जाएगा, सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित 50% की सीमा से कहीं अधिक। यानी, कानूनी अड़चन भी आ सकती है। ऐसे में कांग्रेस सरकार की राह बहुत मुश्किल होने वाली है।

## अपनी है उर्दू

सुप्रीम कोर्ट का उर्दू से जुड़े मामले में दिया गया फैसला बताता है कि भारत जैसे देश के लिए भाषाई विविधता कितनी जरूरी है। भाषा को किसी धर्म, संप्रदाय से जोड़कर नहीं देखना चाहिए। यह तो पुल की तरह है, जो लोगों को जोड़ने का काम करती है। उम्मीद है कि टिप्पणियों के रूप में आई शीर्ष अदालत की नसीहत भाषाई विवाद खड़ा करने वालों को कुछ सीख देगी। यह मामला महाराष्ट्र से जुड़ा हुआ था। वहां बॉम्बे हाईकोर्ट ने अकोला के पातूर नगर परिषद की नई इमारत के साइनबोर्ड पर मराठी के साथ उर्दू के इस्तेमाल की अनुमति दी थी। सुप्रीम कोर्ट इसी फैसले के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई कर रहा था। अदालत ने माना कि उर्दू के प्रयोग का उद्देश्य केवल प्रभावी संवाद है। भारत में आबादी की तरह भाषाएं भी मिली-जुली हैं। एक भाषा के शब्द दूसरी भाषा में कब चले जाते हैं, बोलने वाले को भी पता नहीं चलता। और उर्दू तो खासतौर पर बहन कही जाती है हिंदी की। इसके बिना रोजमर्रा की बोलचाल भी नहीं हो सकती। यूपी, बिहार जैसे हिंदीभाषी राज्यों को छोड़ दिया जाए, तो कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना जैसे दक्षिण के राज्यों में भी उर्दू बोलने वालों की अच्छी-खासी तादाद है। जिस महाराष्ट्र में यह विवाद हुआ, वहां स्थापित फिल्म इंडस्ट्री उर्दू के लफ्जों के बिना एक कदम भी नहीं चल पाएगी। उर्दू से जुड़ा विवाद उस मानसिकता की देन है, जिसके हिसाब से यह भाषा भारत की नहीं है। यह धारणा बना ली गई है कि जिस तरह धर्म के आधार पर देश का बंटवारा हुआ और उसके परिणाम में मानव इतिहास का सबसे बड़ा विस्थापन देखना पड़ा, उसी तरह उर्दू को भी भारत से विस्थापित हो जाना चाहिए। हालांकि भाषाएं अपना देश नहीं छोड़ा करतीं और उर्दू तो भारत की ही है, जैसे संस्कृत, हिंदी या फिर बांग्ला। इन भाषाओं ने अपने शब्दों, साहित्य से दूसरी भारतीय भाषाओं को और समृद्ध ही किया है। उर्दू का अदब और रेशमी सलीका भारतीय संस्कृति का हिस्सा है, जिसे कोई नकार नहीं सकता। बहुभाषी देश में भाषाओं को लेकर विवाद कोई नई बात नहीं है। दक्षिण भारत में हिंदी को लेकर प्रतिरोध बहुत पुराना है। हाल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति की वजह से यह मामला फिर उछला था। तमिलनाडु की डीएमके सरकार ने आरोप लगाया था कि केंद्र सरकार उन पर हिंदी थोपने की कोशिश कर रही है। इस तरह के विवादों में आम लोगों की संवेदनाएं, पुरानी धारणाएं और राजनीति प्रमुख भूमिका निभाती हैं। लेकिन सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के अनुसार यह समझने की जरूरत है कि भाषा धर्म नहीं है... यह एक समुदाय, क्षेत्र और लोगों की होती है, धर्म की नहीं।

# तमिलनाडु में भाजपा परचम फहराने को तत्पर

**भाजपा के राजनीतिक समीकरणों की सार्थक निष्पत्ति का एक हिस्सा है एआईडीएमके और भाजपा के ताजा गठबंधन की घोषणा। इस गठबंधन को सहज बनाने और पार्टी के अनुरूप इसका स्वरूप देने का श्रेय गृहमंत्री अमित शाह को जाता है, क्योंकि इस बार यह काम उतना आसान नहीं था। शाह एक कद्दावर नेता होने के साथ राजनीतिक गणित को समझने में माहिर है। अमित शाह जमीनी हकीकत से हमेशा वाकिफ रहते हैं।**

**ललित गर्ग**

आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु में परंपरागत रूप से भारतीय जनता पार्टी कमजोर रही है, लेकिन अब भाजपा दक्षिण में अपनी जड़ों को न केवल मजबूत करना चाहती है बल्कि दक्षिण के राज्यों में सत्ता पर काबिज भी होना चाहती है। तमिलनाडु में अगले वर्ष अप्रैल-2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। भाजपा और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एआईएडीएमके) ने 2026 के विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ने की घोषणा कर दी है। शुक्रवार को अपनी महत्वपूर्ण चैन्नई यात्रा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस अहम राजनीतिक गठबंधन का ऐलान करते हुए स्पष्ट किया कि राज्य में एनडीए एडप्पादी के. पलानीस्वामी के नेतृत्व में चुनाव लड़ेगा, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही गठबंधन का चेहरा होंगे। तमिलनाडु की भाजपा में भी एक बड़ा बदलाव सामने आया है और भाजपा की तमिलनाडु इकाई की कमान नैनार नागेंद्रन को मिल गई है। भाजपा की राजनीतिक यात्रा में 2026 का तमिलनाडु चुनाव मील का पत्थर साबित होगा, वर्षों की प्यास को बुझायेगा, कमल खिलायेगा।

यह बात तो जगजाहिर है कि दक्षिण में हिन्दू मन्दिरों एवं संस्कृति का वर्चस्व होते हुए भी भाजपा अब तक अपनी जमीन मजबूत नहीं कर पाई है, जबकि केरल हो, कर्नाटक हो, आंध्र प्रदेश या तमिलनाडु हो, भाजपा अपनी जड़ों को सुदृढ़ करने की जद्दोजहद करती रही है। भाजपा के प्रयास दक्षिण में बेअसर ही रहे हो, ऐसी बात भी नहीं है, समय-समय पर उसके प्रयास रंग लाते रहे हैं। दक्षिण के चार में से तीन राज्यों में भाजपा अपना प्रभाव और प्रभुत्व दिखा चुकी है। कर्नाटक में कई बार भाजपा सत्ता आसीन हो चुकी है, आंध्र प्रदेश में इस समय सत्ता की भागीदार है, तेलंगाना में भी भाजपा मजबूत पकड़ बना चुकी है, केवल तमिलनाडु ही है जहां भाजपा कई दशकों से उपस्थिति दर्ज कराने के बावजूद सत्ता तक नहीं पहुंच पायी है। मोदी के प्रभाव और भाजपा के विशाल संसाधनों के बावजूद तमिलनाडू जीतना उसके लिए मुश्किल रहा है। पिछले 78 सालों में यहां कभी भी भाजपा-संघ की राष्ट्रवादी विचारधारा या हिंदुत्व के उनके संस्करण को स्वीकार नहीं किया है। यह सिर्फ भाजपा के लिए ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति के लिए भी एक बड़ी वैचारिक लड़ाई है। लेकिन इस बार भाजपा की रणनीति एवं तैयारियों एवं मोदी-शाह के संकल्पों एवं इरादों में दम है, तमिलनाडु में आमूल-चूल परिवर्तन होता हुआ दिख रहा है। तमिलनाडु में भाजपा की राजनीतिक रणनीति में किये गये बदलाव एवं रणनीतियां एक बड़ा मोड़ है, एक नया उजाला है। राजनीति के चाणक्य अमित शाह का यह भरोसा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में एनडीए भारी बहुमत से जीत दर्ज करेगा और राज्य में सरकार बनाएगा, कोरी हवा में उछाली गयी बात नहीं है।

एआईडीएमके और भाजपा के बीच गठबंधन 1998 से बनते-बिगड़ते रहे हैं। 1998 की अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार बनाने और फिर 13 महीने बाद उसे गिराने का श्रेय भी एआईडीएमके को जाता है। जे. जयललिता का जब तक जीवनकाल रहा तब तक भाजपा नेतृत्व के साथ एआईडीएमके की नजदीकियां बनी रही। जब 1999 में जयललिता ने कांग्रेस के साथ गठबंधन कर लिया तो करुणानिधि ने डीएमके को भाजपा के साथ जोड़ लिया और 2004 तक सत्ता का सुख लेते रहे। 2004 के आम चुनाव में फिर से एआईडीएमके भाजपा के साथ आई लेकिन तमिलनाडु में लोकसभा की सीटें नहीं जीत सकी। लेकिन मोदी-शाह की नजरें हमेशा इस राज्य पर लगी रही। क्योंकि सामरिक रूप से तमिलनाडु एक संवेदनशील राज्य है, श्रीलंका के साथ उसका सीधा जुड़ाव है। चीन श्रीलंका के माध्यम से भारत में पैठ बनाना चाहता है, ऐसे में तमिलनाडु में केंद्र की आंख बंद कर विरोध करने वाली पार्टी का सत्तासीन रहना देश हित के लिए गंभीर सवाल पैदा करता है, अनेक संकटों का कारण बन सकता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष अपने तीसरे कार्यकाल की बड़ी चुनौतियों में बंगाल, तमिलनाडु, केरल को जीतना है। वैसे इन राज्यों में भाजपा की जीत एक करिश्मा ही होगा, लेकिन मोदी-शाह ऐसे आश्चर्यकारी करिश्में घटित करते रहे हैं। सर्वविदित है कि भाजपा के लिए तमिलनाडु केवल राजनीतिक संघर्ष का मैदान नहीं है, वैचारिक लड़ाई भी लड़ी जानी है। स्टालिन सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति को विवादित करने और त्रिभाषा सिद्धांत को हिंदी थोपने की कोशिश के रूप में प्रचारित करने से केंद्र आहत है, इसीलिये भाजपा अपने राजनीतिक सिद्धांतों, योजनाओं, कार्यक्रमों एवं नीतियों को गंभीर चुनौती दे रहे इन नेताओं और दलों को वैचारिक धरातल पर परास्त करने का रास्ता भी खोज रही है। प्रधानमंत्री मोदी अपनी यात्राओं एवं अन्य चचाओं में यह बताते रहे हैं कि पूरे तमिलनाडु की जनता एवं राज्य उनके दिल में हैं, वे उसके कल्याण एवं विकास के लिये तत्पर है। तमिल लोगों के दिलों को जीतने का काम अकेले भाजपा के द्वारा संभव नहीं है, इसीलिये एआईडीएमके की बैशाखियां उसके लिये जरूरी है।

भाजपा के राजनीतिक समीकरणों की सार्थक निष्पत्ति का एक हिस्सा है एआईडीएमके और भाजपा के ताजा गठबंधन की घोषणा। इस गठबंधन को सहज बनाने और पार्टी के अनुरूप इसका स्वरूप देने का श्रेय गृहमंत्री अमित शाह को जाता है, क्योंकि इस बार यह काम उतना आसान नहीं था। शाह एक कद्दावर नेता होने के साथ राजनीतिक गणित को समझने में माहिर है। अमित शाह जमीनी हकीकत से हमेशा वाकिफ रहते हैं। उनके पास तमिलनाडु को लेकर साफ तस्वीरें हैं, सुस्पष्ट एजेंडा है। वह एआईडीएमके के साथ अभी से उदार एवं लचीली सोच से चलना चाहते हैं लेकिन उन्हें अपना लक्ष्य पता है। डीएमके एवं स्टालिन का अहंकार ही उनका मुख्य हथियार होगा। विकास के लिये सत्ता परिवर्तन जनता के लिए यदि जरूरी है तो उसे हासिल करने का तरीका भला अमित शाह से ज्यादा कौन जानता होगा। तमिल में भाजपा के पांव जमते हुए दिख रहे हैं। इसका सबसे बड़ा कारण है भाजपा की सोच में बदलाव आना, तमिलों की बारीकियों एवं भावनाओं को समझते हुए राजनीतिक दांव चलना। भाजपा के पास द्रविड़ समाज को आकार देने का भले ही संस्थागत इतिहास नहीं है, लेकिन राज्य के विकास में उसने गहरे.संसाधन लगाये हैं। वह एक नया वोट-आधार तैयार कर रही है। लोकसभा चुनाव से पहले मोदी ने काशी और तमिलनाडु के बीच विभेद को खत्म करने की कोशिश की। धार्मिक राजत्व का तमिल प्रतीक सेंगोल संसद में स्थापित किया गया। ऐसे अनेक सकारात्मक प्रयास भाजपा के द्वारा लगातार किये जा रहे हैं। त्रिभाषा फामूर्ला भी तमिल लोगों को भाषा के नाम पर जोड़े रखने का एक उपक्रम है। मोदी और शाह दोनों ने तमिल भाषा के प्रति पार्टी के सम्मान को परिभाषित किया। पिछले दशक का एक बड़ा राष्ट्रीय घटनाक्रम यह रहा है कि भाजपा ने चुपचाप अपने नारे हिंदी, हिंदू और हिंदुस्तान में सुधार किया है। अब वे “हिंदी और सभी क्षेत्रीय भाषाओं” की बात करते हैं। इन सबके चलते यदि तमिल के जातीय-मतदाता भाजपा को उसके मौजूदा स्वरूप में स्वीकार करेंगे, तब यह भारतीय सेकुलर राजनीति की एक क्रांतिकारी घटना होगी।

शाह की रणनीति सही दिशा में काम कर रही है। बावजूद यह डगर चुनौतीपूर्ण है। क्योंकि डीएमके दुबारा सत्ता में आने के लिए जो नुस्खा तैयार कर रही है उसमें तमिल स्वाभिमान और भाषा विवाद का घोल मिलाया जा रहा है। स्टालिन और उनका पूरा परिवार इस समय घोर भ्रष्टाचार और गैर कानूनी कामों में लिप्त है लेकिन उन्होंने हिंदी विरोध, दक्षिण के साथ केन्द्र का कथित सौतेला व्यवहार और मनमाने परिसीमन जैसे मुद्दों को आगामी चुनाव का एजेंडा बनाया है। इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तमिलनाडु यात्रा में जानबूझ कर मुख्यमंत्री स्टालिन गायब हो गए, जबकि यह एक सामान्य शिष्टाचार होता है कि प्रधानमंत्री प्रांत में आये तो मुख्यमंत्री उनका स्वागत करें। लेकिन ऐसा न करके स्टालिन ने यह जताया कि डीएमके भाजपा विरोध के साथ-साथ केंद्र से टकराव की राजनीति पर है।

**(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।**

# गोबर, गुस्सा और विश्वविद्यालय की गिरती गरिमा

**दिल्ली विश्वविद्यालय जिसे भारत के सबसे प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों में गिना जाता है, हाल ही में एक अजीबोगरीब और प्रतीकात्मक विरोध का केंद्र बना। कुछ छात्रों ने क्लास रूम की दीवारों पर गोबर लीप दिया और प्रिंसिपल के घर के बाहर भी गोबर फेंक दिया। यह कोई फिल्मी सीन नहीं था, न ही कोई ग्रामीण उत्सव। यह था एक गुस्से से भरा राजनीतिक वक्तव्य। यह घटना न केवल ध्यान खींचती है, बल्कि कई गहरे और असहज सवाल भी खड़े करती है।**

**प्रियंका सौरभ**

दिल्ली विश्वविद्यालय में छात्रों द्वारा क्लासरूम और प्रिंसिपल के घर पर गोबर लीपने की घटना केवल अनुशासनहीनता नहीं, बल्कि एक गहरी असंतोष की प्रतीकात्मक अभिव्यक्ति थी। इस विरोध ने सत्ता और शिक्षा व्यवस्था के पाखंड को उजागर किया। जहां एक ओर गोबर को सांस्कृतिक प्रतीक माना जाता है, वहीं जब छात्र उसी प्रतीक का इस्तेमाल विरोध में करते हैं, तो उसे “असभ्य” करार दिया जाता है। विश्वविद्यालय अब संवाद के नहीं, सत्ता के मंच बनते जा रहे हैं, जहां छात्रों की असहमति को दबाया जाता है। इस असामान्य विरोध ने न केवल व्यवस्था की संवेदनहीनता पर सवाल खड़े किए, बल्कि यह भी बताया कि प्रतीकों के जरिए भी तीखा प्रतिरोध संभव है। जब असहमति की जगह छिन जाती है, तो गुस्सा प्रतीकों के जरिए बोलता है, कभी-कभी गोबर से भी।

दिल्ली विश्वविद्यालय जिसे भारत के सबसे प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों में गिना जाता है, हाल ही में एक अजीबोगरीब और प्रतीकात्मक विरोध का केंद्र बना। कुछ छात्रों ने क्लास रूम की दीवारों पर गोबर लीप दिया और प्रिंसिपल के घर के बाहर भी गोबर फेंक दिया। यह कोई फिल्मी सीन नहीं था, न ही कोई ग्रामीण उत्सव। यह था एक गुस्से से भरा राजनीतिक वक्तव्य। यह घटना न केवल ध्यान खींचती है, बल्कि कई गहरे और असहज सवाल भी खड़े करती है। क्या विश्वविद्यालय अब सिर्फ सत्ता का विस्तार बन चुके हैं? क्या छात्र आंदोलन केवल “विचारों” से नहीं, अब “गंध” से भी संवाद करने लगे हैं? यह विरोध दिल्ली यूनिवर्सिटी के साउथ कैंपस स्थित एक कॉलेज में हुआ, जहां छात्रों ने गोबर लिपकर क्लासरूम को “पवित्र” करने की कोशिश की। दरअसल, यह 'पवित्रता' का तंज था, एक ऐसे सिस्टम पर, जिसे छात्र “अपवित्र” मानते हैं। कहा गया कि यह विरोध जातिगत भेदभाव, एक दलित प्रोफेसर के साथ अन्याय और प्रशासन की असंवेदनशीलता के खिलाफ था। छात्रों ने न सिर्फ कक्षाओं को गोबर से लीपा, बल्कि प्रिंसिपल के घर तक जाकर वहां भी प्रदर्शन किया।दरअसल भारत में गोबर का उपयोग सदियों से पवित्रता, शुद्धता और स्वदेशी जीवनशैली के प्रतीक के रूप में होता आया है। लेकिन इस मामले में इसका प्रयोग गहराई से व्यंग्यात्मक था। यह एक ऐसा प्रतीक था जो न केवल सत्ता की 'पवित्रता' को उलट देता है, बल्कि यह दिखाता है कि छात्र अब विरोध के पारंपरिक तरीकों से आगे बढ़कर, सत्ता की भाषा को उसके ही प्रतीकों से जवाब दे रहे हैं। भारतीय विश्वविद्यालय धीरे-धीरे उस विचारभूमि से हटते जा रहे हैं जहां असहमति को प्रोत्साहन मिलता था। आज यदि कोई छात्र या प्रोफेसर सत्ता के खिलाफ बोलता है तो उसे 'राष्ट्रविरोधी', या 'विकास-विरोधी' कहा जाने लगता है। कैंपस अब लोकतांत्रिक संवाद के केंद्र नहीं, बल्कि अनुशासन और डर के घेरे बनते जा रहे हैं। छात्रों के इस कदम को केवल “असभ्यता” कहकर खारिज करना आसान है, लेकिन यह भूलना नहीं चाहिए कि यह घटना उस निराशा और हताशा की उपज है जो वर्षों से भीतर ही भीतर सुलग रही है। जब संवाद के सारे रास्ते बंद कर दिए जाते हैं तो प्रतीकात्मक और चौंकाने वाले कदम ही एकमात्र विकल्प बनते हैं। निश्चित रूप से गोबर से दीवारें लीपना किसी भी संस्थान के लिए एक अनुशासनहीन हरकत मानी जाएगी लेकिन यह भी सोचना होगा कि जब छात्र अपनी बात कहने के लिए इतना असामान्य तरीका अपनाते हैं तो समस्या केवल छात्रों में नहीं, व्यवस्था में भी है। वे किस हद तक खुद को असहाय और अनसुना समझते हैं, यह इस घटना से जाहिर होता है। यह विरोध न तो हिंसक था, न ही शारीरिक नुकसान पहुंचाने वाला लेकिन यह मानसिक और सांस्कृतिक असहजता पैदा करने वाला जरूर था। शायद यही इसका उद्देश्य भी था, लोगों को हिलाकर रख देना, ध्यान खींचना, और एक झटके में सत्ता की नकली गरिमा को धूल-गोबर में मिला देना। छात्रों का प्रदर्शन प्रिंसिपल के निजी घर तक पहुंचना न केवल प्रतीकात्मक था, बल्कि यह दशार्ता है कि छात्रों को अब संस्थागत दायरे में न्याय की उम्मीद नहीं रही। जब कॉलेज के भीतर के मंच निष्क्रिय हो जाते हैं, तो विरोध निजी दायरे तक पहुंच जाता है। यह खतरनाक संकेत हैं, न केवल शिक्षा व्यवस्था के लिए, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए भी लेकिन दुर्भाग्यवश किसी ने यह नहीं पूछा कि छात्र ऐसा क्यों कर रहे हैं? किस घटना ने उन्हें इस हद तक पहुंचाया? किसने संवाद के रास्ते बंद किए? मीडिया अक्सर लक्षणों पर बहस करता है, लेकिन बीमारी की जड़ तक नहीं जाता। सत्ता का दोहरापनसत्ता जब गाय और गोबर को संस्कृति का हिस्सा मानकर उन्हें नीतियों में शामिल करती हैं, जैसे गोबर आधारित उत्पादों को बढ़ावा देना, पंचगव्य को चिकित्सा बताना। तब वह “धर्म-सम्मत” होता है लेकिन जब यही प्रतीक छात्रों के विरोध में आते हैं तो वे 'अश्लील' और 'असभ्य' बन जाते हैं। यही सत्ता का दोहरापन है। छात्रों का यह विरोध सत्ता के इस पाखंड की पोल खोलता है। यह दिखाता है कि सांस्कृतिक प्रतीकों का प्रयोग केवल सत्ता के लिए सुरक्षित नहीं है, बल्कि आम जनता भी उन्हें विरोध के औजार बना सकती है। मान लीजिए अगली बार छात्र प्रशासनिक आदेश को पवित्र मानकर उस पर गंगाजल छिड़क दें, तो क्या तब भी यह “असभ्यता” मानी जाएगी, या यह “संस्कृति” के सम्मान में गिना जाएगा? जब प्रतीकों की राजनीति हो, तो प्रतीकों से ही जवाब देना सबसे तीखा व्यंग्य होता है और यही छात्रों ने किया। क्या है समाधान इस घटना के बहाने यह जरूरी हो गया है कि विश्वविद्यालयों में संवाद की संस्कृति को फिर से मजबूत किया जाए। छात्रों की आवाज को सुनने, समझने और मान्यता देने की प्रक्रिया को संस्थागत रूप दिया जाना चाहिए। प्रोफेसरों और छात्रों के बीच विश्वास और सम्मान की नींव फिर से खड़ी की जानी चाहिए। किसी भी असहमति को देशद्रोह या अनुशासनहीनता बताने की प्रवृत्ति पर लगाम लगानी होगी। छात्रों को यह समझाना भी जरूरी है कि विरोध का तरीका ऐसा हो जो व्यापक समाज में उनकी बात को सही तरीके से पहुँचाए न कि केवल क्षणिक ध्यान आकर्षित करे। यह घटना एक प्रतीकात्मक चेतावनी है कि शिक्षा का मंदिर यदि सत्ता की चौकी बन जाए तो छात्र वहीं पर 'शुद्धि यज्ञ' करने लगते हैं। गोबर का यह विरोध हमें यह याद दिलाता है कि लोकतंत्र में असहमति की गुंजाइश बनी रहनी चाहिए, वरना दीवारें ही नहीं, सोच भी गंधाने लगती है।

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# युवाओं को लोभ-क्रोध-काम के नुकसान का परिचय

युवावस्था हमे चुनौतियों पर विचार कर, उन्हें दूर करने का एक अवसर है। अपने भावनाओं को नियंत्रण मे लाने का एक समय भी है। अनंत श्री विभूषित जगद्गुरु श्री प्रियदर्शी जी महाराज द्वारा रचित, अभूतपूर्व ग्रंथ 'श्रीकृष्ण चरित मानस” (रसायन महाकाव्य) मे मनुष्य के उन तीन भावों को नियंत्रित करने का मार्ग बताया गया है, जो हमारे पतन का कारण बन सकता हैं - लोभ, क्रोध और काम, 'नरक के तीन द्वार' , जो हमे विचलित कर हमारे ध्येय प्राप्ति के मार्ग पर बाधा डाल सकते है। आइए जानते है नरक के इन तीन द्वारों के बारे में, नरक का पहला द्वार लोभ, अधिक पाने की इच्छा। अधिक धन, अधिक शक्ति, और अधिक संपत्ति हममें सिर्फ असंतुष्ट की भावना पैदा करवाता है। लोभ हमेशा ही अनैतिक व्यवहार, शोषण और हिंसा को जन्म देता



है। हममें क्रोध की उत्पत्ति करवाता है। क्रोध, नरक का और एक द्वार, एक शक्तिशाली अस्त्र जो हमें जल्द ही अनियंत्रण का शिकार बना देता है। यह हमें गलत निर्णय लेने को मजबूर करता है, जिससे हम अपने ध्येय से कोसों दूर जाकर गिर सके। क्रोध रिश्तों को नुकसान पहुंचा सकता है और हमारे स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकता है। क्रोध हमारे अंदर हिंसा को भी जन्म देता है। नरक का तीसरा और अंतिम द्वार है काम, यह अत्याधिक या अनियंत्रित हो तो यह हमे विनाश के द्वार पर खड़ा कर सकता है। हमारी अधूरी इच्छाएं हममे निराशा पैदा करती है, और निराशा व्यसन को जन्म देती हैं। इन तीन शक्तियों पर विजय पाने के लिए आत्म-जागरूकता, अनुशासन और व्यक्तिगत विकास के प्रति प्रतिबद्धता की आवश्यकता होती है। और इसी के लिए वर्तमान मे हमें भगवान श्री कृष्ण के बताए मार्ग पर चलना बहुत जरूरी है। जिससे हम एक शांत और खुशहाल जिंदगी जी सके।

## सेहत

### सर्दी-खांसी के साथ दिखें ये लक्षण तो शिशु को हो सकता है निमोनिया

बच्चों के लिए सर्दी और खांसी की समस्या सामान्य समस्या होती है। हालांकि आमतौर पर कुछ ही दिनों में यह समस्या ठीक हो जाती है। लेकिन कई बार कमजोर इम्यूनिटी की वजह से छोटे बच्चों के लिए परेशानी का सबब बन सकती है। क्योंकि छोटे बच्चों का इम्यून सिस्टम पूरी तरह से विकसित नहीं होता है, जिसकी वजह से वह संक्रमण की चपेट में जल्दी आ सकते हैं। वायरल संक्रमण, बदलते मौसम और बैक्टीरिया की वजह से छोटे बच्चों को सर्दी-खांसी हो सकती है। हालांकि यह समस्या अगर लंबे समय तक बनी रहती है या इसके साथ अन्य कई गंभीर लक्षण दिखाई देते हैं। तो पेरेंट्स के मन में चिंता होना स्वाभाविक है कि कहीं बच्चे को निमोनिया तो नहीं हो गया है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस बारे में पूरी जानकारी देने जा रहे हैं।

**सर्दी-खांसी की वजह से बच्चे का निमोनिया** : हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक निमोनिया एक संक्रमण है, जो बच्चे के फेफड़ों को प्रभावित करता है। क्योंकि जब बच्चे को सर्दी और खांसी होती है, तो उनके गले और श्वसन नलिका में सूजन आ सकती हैं। साथ ही इससे बच्चे को सांस लेने में कठिनाई हो सकती है। यदि इन लक्षणों का सही समय पर इलाज नहीं किया जाता है, तो यह संक्रमण श्वसन नलिका से होते हुए फेफड़ों तक पहुंच सकता है। इससे बच्चे को निमोनिया हो सकता है। बच्चे में निमोनिया के लक्षण जल्द और गंभीर रूप से दिख सकते हैं। इसलिए पेरेंट्स को सतर्क रहने की जरूरत है। सर्दी-खांसी का समय पर इलाज न किया जाए, तो यह संक्रमण बढ़ सकता है और फेफड़ों में सूजन और जलन पैदा कर सकता है। यह निमोनिया की स्थिति में बदल सकता है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने कहा-

# राजस्व संग्रहण से जुड़ी सभी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और गति लायी जाये

मेट्रो रेज



**साहिबगंज:** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में राजस्व संग्रहण, राजस्व विभाग और आपदा प्रबंधन के तहत संचालित योजनाओं की समीक्षा के साथ-साथ ग्रीष्म ऋतु व लू से बचाव हेतु पूर्व तैयारियों पर भी चर्चा की गई। बैठक की शुरूआत में वाणिज्य कर विभाग द्वारा वार्षिक लक्ष्य के विरुद्ध प्राप्त राजस्व की जानकारी दी गई। जिसमें बताया गया कि विभाग ने 73।59 प्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति की है। वहीं उत्पाद विभाग ने 2306।49 लाख रुपये की वसूली कर 93।48% लक्ष्य प्राप्त किया। परिवहन विभाग ने 2538।33 लाख रुपये के लक्ष्य का 85।34% राजस्व वसूली कर बेहतर प्रदर्शन किया।

मोटर यान निरीक्षक विभाग ने 231।6 लाख की वसूली कर 60।80% लक्ष्य प्राप्त किया। नगर निकायों की बात करें तो साहिबगंज नगर परिषद ने 71।59% और राजमहल नगर पंचायत ने 108।85% राजस्व वसूली की है। मापतौल विभाग ने 66।59%, मत्स्य विभाग ने 97।67% और विद्युत बोर्ड ने 9600 लाख रुपये की वसूली कर 112।77% लक्ष्य को पार कर लिया है, जो सराहनीय रहा जिसमें मार्च माह में भू-सेस, भू-लगान दाखिल खारिज, परिशोधन, जीएम लैंड सम्मरू और भूमि अधियाचना से संबंधित मामलों की भी गहन समीक्षा की गई। उपायुक्त ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि राजस्व संग्रहण से जुड़ी सभी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और गति लाई जाए।ताकि सरकार की योजनाओं का लाभ समय पर जनता तक पहुंच सके।जबकि उपायुक्त ने आपदा प्रबंधन से संबंधित तैयारियों पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में लू से बचाव के लिए अस्पतालों, विद्यालयों और सामुदायिक भवनों में आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था, छायादार स्थान और प्राथमिक चिकित्सा की उपलब्धता हर क्षेत्र में होनी चाहिए। अपर समाहर्ता गौतम भगत, अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल सदानंद महतो, कार्यपालक दंडाधिकारी प्रमोद आनंद, परिवहन पदाधिकारी मिथलेश कुमार चौधरी, जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का, भू अर्जन पदाधिकारी छुटेश्वर दास, प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत सभी अंचलाधिकारी उपस्थित रहे।बैठक के अंत में उपायुक्त ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही न हो और तय समयसीमा के भीतर सभी कार्य पूर्ण किए जाएं।

## सिविल सर्जन ने अवैध रूप से संचालित क्लीनिक पैथोलॉजी पर की छापेमारी, हड़कंप

मेट्रो रेज



**साहिबगंज/उधवा :** उधवा प्रखंड में स्वास्थ्य विभाग ने अवैध रूप से संचालित हो रहे मेडिकल क्लीनिकों पर बड़ी कार्रवाई की। सिविल सर्जन डॉ। प्रवीण कुमार संथालिया और अनुमंडलीय अस्पताल राजमहल के प्रभारी उपाधीक्षक उदय टुडु ने संयुक्त रूप से कई क्लीनिकों पर औचक छापेमारी की जिससे क्षेत्र के अवैध चिकित्सा संस्थानों में खलबली मच गई। जानकारी के अनुसार, सिविल सर्जन डॉ। प्रवीण कुमार संथालिया के नेतृत्व में टीम ने उधवा चौक स्थित न्यू पूजा मेडिकेयर पर धावा बोला। छापेमारी के दौरान मेडिकल संचालक द्वारा किसी भी प्रकार का वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया जा सका। इस पर सिविल सर्जन डॉ। पीके संथालिया ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए बताया कि न्यू पूजा मेडिकेयर बिना किसी लाइसेंस के अवैध रूप से संचालित हो रहा है। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि मेडिकल संचालक के पास कोई वैध चिकित्सा डिग्री नहीं है, फिर भी वह अपने मेडिकल स्टोर में ओपीडी के माध्यम से मरीजों का इलाज कर रहा था और यहां तक कि ऑपरेशन भी किए जा रहे थे, जो गंभीर और गैरकानूनी कृत्य है। सिविल सर्जन ने स्पष्ट रूप से कहा कि इस अवैध मेडिकल क्लीनिक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सिविल सर्जन की टीम ने नेशनल पैथोलॉजी पर भी छापेमारी की, जहां पैथोलॉजी के संचालन से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। इस पर डॉ। प्रवीण कुमार संथालिया ने न्यू पूजा मेडिकेयर और नेशनल पैथोलॉजी के संचालकों को कारण बताओ नोटिस शॉकोज जारी करने की बात कही है।छापेमारी के दौरान प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक अमित कुमार और प्रभारी थाना प्रभारी पंकज दुबे सहित अन्य अधिकारी भी सिविल सर्जन के साथ मौजूद थे।

### सिद्धो कान्हू मुर्मू विवि में चल रहे बीएड कॉलेजों के लिए शिक्षक नियुक्ति को लेकर इंटरव्यू संपन्न

**दुमका :** सिद्धो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका में चल रहे बीएड कॉलेजों के लिए शिक्षक नियुक्ति हेतु इंटरव्यू प्रक्रिया गुरुवार को संपन्न हो गई। यह इंटरव्यू 15, 16 और 17 अप्रैल को आयोजित किया गया था। सबसे अधिक अभ्यर्थी पर्सपेक्टिव इन एजुकेशन विषय में शामिल हुए, जबकि सबसे कम अभ्यर्थी पर्फोर्मिंग आर्ट विषय में उपस्थित हुए। ज्ञात हो कि सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय ने 5 अप्रैल को कुल 40 बीएड शिक्षकों के पदों के लिए विज्ञापन प्रकाशित किया था। इसके तहत इंटरव्यू में भाग लेने के लिए लगभग 310 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें से लगभग 150 अभ्यर्थी विभिन्न विषयों में एनसीटीई के नियमानुसार योग्य पाए गए। योग्य अभ्यर्थियों का इंटरव्यू विश्वविद्यालय ने बाह्य विषय विशेषज्ञों की उपस्थिति में 15 से 17 अप्रैल तक विवि कैंपस में आयोजित किया और इसे सफलतापूर्वक संपन्न किया। बता दें कि विश्वविद्यालय के बीएड कॉलेजों में शिक्षकों की कमी को लेकर एनसीटीई द्वारा भी आपत्ति जताई गई थी। अब शिक्षकों की नियुक्ति से एसकेएमयू से बीएड करने वाले छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सकेगी।

## ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टॉफ एसोसिएशन का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

मेट्रो रेज

साहिबगंज:मालदा डिविजन के अंतर्गत रेलवे परिषद स्थित संयुक्त क्रू बुकिंग लॉबी में ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टॉफ एसोसिएशन पूर्व रेलवे के आह्वान पर ऐलरसा के शाखा सचिव के अध्यक्षता में कॉमरेड नितिश कुमार प्रभाकर के द्वारा विशाल मास धरना के आयोजन किया गया। सहायक लोको पायलट

ऐलरसा अस्सिटेंट सेक्रेटरी गोपाल कुमार ने बताया कि

धरना का मुख्य बिंदु जेपीओ को एसआर के करेंक्शन से सम्बंधित है। वर्षो से जीआर 5।23 के अनुसार स्टेशन स्टॉफ पॉइंट्समैन द्वारा यार्ड में लोड स्टेवल, मालगाड़ी को सुरक्षित व रोड डाउन नहीं हों आगे तथा पीछे से 06-06 बैगन की हेंड ब्रेक बाँधने की नियम है। जबकि ब्लॉक सेक्शन में लोको पायलट व गार्ड द्वारा लोड स्टेवल किया जाता है। लेकिन एसआर में करेंक्शन करते हुए यह काम जबरन सहायक लोको पायलट व ट्रेन मैनेजर को करने को बोला जा रहा है जो रेलवे नियम के खिलाफ है, इसलिए रनिंग स्टॉफ तिव्र विरोध करता है। पीसीओएम के गलत आदेश का बहिष्कार करते है। जहां एक और रेलवे प्रशासन के आला अधिकारी फरमान जारी करते है कि एसपीएडी जीरो हो मानसिक तनाव नहीं हो,माइक्रो सिलिप नहीं हों। वही दूसरी ओर काम के घंटे 12 से ज्यादा, हेंड ब्रेक लगवाने व खुलवाने को कहते है। जिससे अतिरिक्त मानसिक तनाव होता है। और दुर्घटना का कारण बन सकता है। इस नीति का रनिंग कर्मचारियों द्वारा विरोध किया जाता है । धरना प्रदर्शन के दौरान कॉमरेड अमरजीत, कॉमरेड दिवाकर, कॉमरेड रवि रंजन, कॉमरेड रंजन, गोपाल, रोहित आनंद, धंजय, पी के प्रभाकर, सचिन, संतोष, शिवम, बिनय कॉमरेड व अन्य उपस्थित थे।

## बंगाल को बांग्लादेश बनाने की हो रही साजिश: सत्य प्रकाश सिन्हा

मेट्रो रेज



साहिबगंज:-भाजपा नेता सत्य प्रकाश सिन्हा ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि जिस प्रकार बंगाल मे सत्तापोषित आतंकियों द्वारा मानवता का गला घोटा जा रहा है निश्चित ही वो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बेहद चुनौतिपूर्ण स्थिति बन गई है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र मे विरोध प्रदर्शन करना सबका अधिकार है परन्तु विरोध के नाम पर हत्या,बलात्कार,लूट ऐसी घटनाए मानवता को शर्मसार करती है। बंगाल मे आज सत्ता के लोभ मे मौजूदा सरकार जिसप्रकार आतंक फैलाने कि खुली छुट आतंकी संगठनो के दे रखी है उसे पूरा देश देख रहा है। श्री सिन्हा ने कहा कि भारत बुद्ध कि भूमि रही है शांति, प्रेम,आपसी सौहार्द हमारी पहचान रही है पर आज बंगाल को जिस राह पर धकेला जा रहा है उसका बेहद गंभीर परिणाम हमे भुगतना पडेगा। उन्होंने कहा कि भारत सरकार व उनकी सुरक्षा ऐजेंसियो को जल्द इस पर कड़ा रुख अपनाना चाहिए। वरना यह आग देश को अपनी चपेट में ले लेगा।

जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर-16 टूर्नामेंट

## साहिबगंज की अंडर-16 क्रिकेट टीम की दूसरी जीत,वेस्ट सिंहभूम को 2 विकेट से हराया



साहिबगंज :गिरिडीह में चल रहे जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर-16 टूर्नामेंट के एक मैच में साहिबगंज जिला की टीम ने वेस्ट सिंहभूम की टीम को हरा दिया। इस टूर्नामेंट में साहिबगंज की टीम ने दूसरी जीत हासिल की है। इसके पूर्व साहिबगंज की टीम ने पाकुड़ की टीम को हराया था। इस जीत से साहिबगंज जिला क्रिकेट एसोसिएशन व खेल प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। जेएससीए डिस्ट्रिक्ट सब कमिटी चेयरमैन चंदेश्वर प्रसाद सिन्हा उर्फ बोदी सिन्हा, जिला क्रिकेट संघ सचिव अंकुर सिन्हा, अशोक चौधरी, सुरेश साह, आफताब आलम, राकेश गुप्ता, गोपाल सिंह, मो अशफाक आलम, अमित तिवारी, राकेश रोशन, चंदन यादव, सागर सुमन, प्रभाकर सिंह उर्फ गुड्डा, अजित तिवारी, डॉ तुफैल, श्याम रंजन तिवारी व अन्य ने टीम को बधाई दी है।

# राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी ने किया विश्वविद्यालय का दौरा

मेट्रो रेज



**दुमका :** राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी ने गुरुवार को सिद्धो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलपति से मुलाकात कर पठन-पाठन की स्थिति की जानकारी प्राप्त की एवं विश्वविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। इसके पश्चात वे परिसदन दुमका पहुँची, जहाँ जिले के अधिकारियों के साथ एक अहम बैठक की। बैठक में उन्होंने सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिया कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचना सुनिश्चित किया जाए। ममता कुमारी ने कहा, संथाल परगना की धरती वीरांगनाओं की भूमि रही है। फूलो-झानो जैसी वीरांगनाओं ने अपने प्राणों की आहुति देकर इस धरती को गौरवान्वित किया है। हमें उनके बलिदान से प्रेरणा लेते हुए समाज में महिलाओं की भूमिका को और सशक्त बनाना होगा। परिसदन दुमका पहुँचने पर परियोजना निदेशक आइटीडीए ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया।

## जेएमएम कार्यकर्ता की मौत पर ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

मर्डर केस दर्ज कराने की मांग कर रहे थे परिजन

मेट्रो रेज



रानीश्वरः रानीश्वर थाना क्षेत्र के सुखजोड़ा गांव के रहने वाले जेएमएम कार्यकर्ता विश्वजीत धीवर ( 35 ) उर्फ बिट्टू की मौत के मामले में गुरुवार को आक्रोशित ग्रामीणों ने सुखजोड़ा बस पड़ाव के पास सड़क जाम कर दिया। दो घंटे बाद सड़क जाम हटा। वाहनों की कतार लग गयी थी। आक्रोशित लोगों का कहना था मृतक विश्वजीत धीवर के साथ मारपीट की घटना हुई थी। इलाज के दौरान मौत हो गयी है। लिहाजा जांच के बाद हत्या का मामला दर्ज किया जाये। दोषियों पर कार्रवाई की जाये। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी बलराम कुमार सिंह पहुंचे। ग्रामीणों को समझा कर सड़क जाम हटवाने का कोशिश की पर ग्रामीण नहीं माने। सीओ के प्रतिनिधि अंचल निरीक्षक पहुंच कर प्रावधान के तहत सरकारी स्तर से मुआवजे दिलाने का आश्वासन दिया। शाम के करीब 6:00 बजे अपराह्न सड़क जाम हटा। उधर शव घर पहुंचने के बाद सांसद नलिन सोरेन भी मृतक के घर पहुंचे व शोक संतप्त परिजनों को कानूनी कार्रवाई का आश्वासन दिया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष भैरव दत्त, प्रखंड अध्यक्ष बाबूजान हेंब्रम, टिंकू लाहा विनोद राणा, अमल मंडल, जीवन मंडल, रंजीत सोरेन व अन्य मौजूद थे।

न्यूज IN ब्रीफ

### दर्जनों दिव्यांगों का हुआ मेडिकल चेकअप

**साहिबगंज:** सदर अस्पताल में गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से दिव्यांग शिविर आयोजन किया गया हैं। शिविर में अस्पताल प्रशासन की ओर से जांच के लिए कई स्टोल लगाए गए। जहां बोर्ड में अस्थि रोग विशेषज्ञ डाक्टर सचिन कुमार नेत्र रोग विशेषज्ञ डाक्टर राहुल वर्मा ईएनटी विशेषज्ञ पाकुड़ डाक्टर सत्य प्रकाश चिकित्सा पदाधिकारी प्रशिक्षित मनोचिकित्सक डाक्टर अनिमेश नोवेल कुजूर नेत्र सहायक ललिता मुर्मू ने दर्जनों दिव्यांग मरीजों की जांच की गई ।बताया गया कि डॉक्टर द्वारा दर्जनों दिव्यांगों का बारी- बारी से मेडिकल चेकअप किया गया। इसी आधार पर सभी दिव्यांगों का प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा।

### सिद्धो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय ने जारी किया छह परीक्षाओं का कार्यक्रम

**दुमका:** सिद्धो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका ने गुरुवार को छह परीक्षाओं के लिए परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। इसमें बीबीए व बीसीए सेमेस्टर-4, बीबीए व बीसीए सेमेस्टर-1 तथा बीएड सेमेस्टर-1 और 3 की परीक्षाएं शामिल हैं। बीबीए व बीसीए सेमेस्टर-4 की परीक्षा 8 मई से 14 मई तक आयोजित की जाएगी। वहीं, बीबीए व बीसीए सेमेस्टर-1 और बीएड सेमेस्टर-1 की परीक्षा 8 मई से 13 मई तक होगी। बीएड सेमेस्टर-3 की परीक्षा 8 मई से 17 मई तक चलेगी। बीबीए व बीसीए सेमेस्टर-1 और बीएड सेमेस्टर-1 की परीक्षा पहली पाली में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित की जाएगी, जबकि अन्य सभी परीक्षाएं दूसरी पाली में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होंगी। विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग द्वारा सभी परीक्षाओं का विस्तृत कार्यक्रम गुरुवार को जारी कर दिया गया है, जिसे विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड भी कर दिया गया है।

### विश्वविद्यालय प्रशासन ने जारी किया परीक्षा परिणाम

**दुमका:** सिद्धो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय ने बीबीए, बीसीए और एम।लिस सेमेस्टर-2 की परीक्षाओं का परिणाम घोषित कर दिया है। बीबीए सेमेस्टर-2 में सभी छात्र सफल रहे, यानी परिणाम शत-प्रतिशत रहा। वहीं बीसीए सेमेस्टर-2 में 99।14 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। एम।लिस सेमेस्टर-2 परीक्षा में 88।89 प्रतिशत छात्रों को सफलता मिली है। सभी परिणाम विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं, जहां छात्र अपने परिणाम देख सकते हैं।

### दुमका समेत में 5 जिलों में अगले 3 घंटे में तेज हवाओं के साथ वर्षा-वज्रपात का अलर्ट

दुमकाः उपराजधानी समेत प्रदेश के 5 जिलों में तेज हवाओं के साथ वर्षा-वज्रपात होने वाला है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अलर्ट जारी करके यह जानकारी दी है। महज आधे घंटे के भीतर मौसम विभाग ने 3 अलर्ट जारी किये हैं। इसमें दो येलो अलर्ट हैं और एक ऑरेंज अलर्ट। मौसम विभाग ने शुक्रवार 18 अप्रैल को येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए कहा कि दुमका के अलावा गोड्डा, जामताड़ा और पाकुड़ जिले में तेज हवाओं के साथ बारिश होगी। इस दौरान वज्रपात होने की भी संभावना है। हवा की रफ्तार 40 किलोमीटर प्रति घंटे तक रह सकती है।

**दुमका के लिए मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट**

मौसम विभाग ने दुमका जिले के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसका मतलब यह होता है कि मामला गंभीर है। लोक सचेत रहें। पूरी तरह से सतर्क रहें। ऑरेंज अलर्ट मौसम विभाग का दूसरा सबसे खतरनाक अलर्ट माना जाता है। इसलिए ऑरेंज अलर्ट के दौरान अगर मौसम खराब हो, तो अपने घरों से बाहर न निकलें। अपने मवेशियों को भी सुरक्षित जगहों पर बांधकर रखें। मौसम वैज्ञानिकों ने आम लोगों और किसानों के लिए खराब मौसम को देखते हुए दिशा-निर्देश भी जारी किये हैं। कहा है कि मौसम को देखते हुए लोग सतर्क और सावधान रहें। खराब मौसम में फंस गये हैं, तो किसी सुरक्षित जगह पर शरण लें। पेड़ और बिजली के खंभों से दूर रहें। कहीं जरूरी काम से जाना है, तो मौसम के सामान्य होने की प्रतीक्षा करें।

### जामा विधायक ने किया प्रखंड स्तर पर संचालित योजनाओं की समीक्षा, कहा-

**खराब जलमीनार व चापानल की तुरंत करायें मरम्मत**

**रामगढ़:** स्थानीय विधायक डॉ लोईस मरांडी ने गुरुवार को विभिन्न विभागों के प्रखंड स्तरीय अधिकारियों के साथ प्रखंड में संचालित विकास योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में जिला परिषद उपाध्यक्ष सुधीर मंडल, प्रखंड प्रमुख बाबूलाल मुर्मू, उप प्रमुख श्रीकांत राउत, बीडीओ कमलेंद्र कुमार सिन्हा, सीओ प्रदीप कुमार महतो समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी, विभिन्न पंचायतों के मुखिया तथा पंचायत सचिव आदि मौजूद थे। समीक्षा के क्रम में शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत, पेयजल व स्वच्छता, भूमि एवं राजस्व, अंचल, आवास, खाद्य एवं आपूर्ति, कल्याण आदि विभागों की योजनाओं एवं उपलब्धियों की समीक्षा की गयी। प्रारंभ नीति आयोग के आकांक्षी प्रखंडों में शामिल रामगढ़ प्रखंड के नीति आयोग द्वारा निर्धारित विकास के विभिन्न सूचकांकों पर एक किए गए प्रदर्शन तथा उपलब्धियों से हुई। नीति आयोग के गिपिल तिरिया ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से नीति आयोग द्वारा आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत रामगढ़ में चलाये जा रहे कार्यों तथा उपलब्धियों की जानकारी दी। विषय प्रवेश बीडीओ कमलेंद्र कुमार सिन्हा ने किया, जबकि बैठक का संचालन प्रखंड कल्याण पदाधिकारी ब्रजेश कुमार ने किया। किन-किन विभागों की हुई समीक्षा सर्व शिक्षा अभियान के बीपीओ आनंद शंकर मुर्मू को विधायक ने अधिकारियों से विद्यालय का नियमित अनुश्रवण करने, मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता का ध्यान रखने, शिक्षकों की कमी की तरफ ध्यान आकर्षित किए जाने पर विधायक ने वैसे विद्यालयों की सूची उपलब्ध कराने, बच्चों के आधार कार्ड बनाने में आ रही समस्या को दूर करने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की समीक्षा के क्रम में उन्होंने विद्यालय स्तर पर एनीमिया की जांच करने का निर्देश दिया। कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को दिलाने, पीएचइडी के अधिकारियों को गर्मी के मौसम में कहीं भी बिजली या पानी की दिक्कत न हो। खराब जलमीनार व चापानल की तत्काल मरम्मत कराने, एक सप्ताह के अंदर ट्रांसफॉर्मर बदलने की बात कही। समीक्षा बैठक में अंचल अधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार महतो, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ सुजीत कुमार, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी ब्रजेश कुमार, प्रभारी आवास आवास समन्वयक सुषमा सोरेन, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कनीय अभियंता अनूप कुमार कुशवाहा, विद्युत विभाग के कनीय अभियंता नीतेश कुमार ने अपने-अपने विभागों से संबंधित योजनाओं, लक्ष्य तथा उपलब्धि जानकारी दी।

# फिल्म 'कोस्टाओ' में नवाज की टक्कर सोने के सौदागरों से, ट्रेलर में दिखी जबरदस्त झलक

नवाजुद्दीन सिद्दीकी बॉलीवुड के उन चंद अभिनेताओं में से हैं, जो हर किरदार को जी-जान से निभाते हैं। अपने गहन और प्रभावशाली अभिनय से वह हमेशा दर्शकों का दिल जीतते आए हैं। हालांकि, बीते कुछ समय में उनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर खास कमाल नहीं दिखा पाईं, लेकिन उनकी अदाकारी हमेशा चर्चा में बनी रहती है। अब नवाज एक बार फिर अपनी नई फिल्म ह्यकोस्टाओह्न के साथ बड़े पर्दे पर वापसी के लिए तैयार हैं। कुछ दिन पहले फिल्म का टीजर रिलीज हुआ था, जिसने पहले ही दर्शकों की उत्सुकता बढ़ा दी थी। अब फिल्म का ट्रेलर भी सामने आ चुका है, जिसे दर्शकों से बेहतरीन प्रतिक्रिया मिल रही है। 'कोस्टाओ' के ट्रेलर में नवाजुद्दीन सिद्दीकी एक दमदार और ईमानदार कस्टम अधिकारी कोस्टाओ फर्नांडिस के किरदार में नजर आ रहे हैं, जो अपनी बहादुरी और निडर रवैये से प्रभावित करते हैं। ट्रेलर में कोस्टाओ की कहानी एक ऐसे नायक की है, जो सोने की तस्करी के सबसे बड़े रैकेट का पर्दाफाश करना चाहता है। इस रैकेट के पीछे देश के अंदर ही मौजूद कुछ ताकतवर और भ्रष्ट लोग होते हैं, जिनकी वजह से वह खुद एक बड़े जाल में फंस जाते हैं। यह कहानी सिर्फ एक मिशन की नहीं, बल्कि एक ईमानदार अफसर की हिम्मत, उसकी कुबार्नी और सिस्टम से उसकी टक्कर की है। जो सही के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है। फिल्म 'कोस्टाओ' में नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ प्रिया बापट भी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी। इनके अलावा फिल्म में किशोर कुमार, गगन देव रियार और हुसैन दलाल जैसे प्रतिभाशाली कलाकार भी अहम किरदार निभाते दिखेंगे। इस थ्रिलर ड्रामा का निर्देशन सेजल शाह ने किया है, जबकि फिल्म को विनोद भानुशाली ने प्रोड्यूस किया है। ट्रेलर रिलीज के साथ ही मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान कर दिया है। 'कोस्टाओ' 1 मई से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर स्ट्रीम की जाएगी।-




## 'द रॉयल्स' वेब सीरीज की रिलीज डेट आई सामने



अभिनेत्री भूमि पेडनेकर अपनी आगामी सीरीज ह्यद रॉयल्सह्न को लेकर चर्चा में हैं। इस सीरीज का निर्देशन प्रियंका घोष और नूपुर अस्थाना ने किया है। भूमि पेडनेकर और ईशान खट्टर की जोड़ी इस सीरीज में पहली बार एक साथ नजर आएगी, जिससे दर्शकों में काफी उत्सुकता है। फिल्म के निमार्ताओं ने अब सीरीज का पहला वीडियो भी शेयर किया है, जिसमें भूमि और ईशान के अलावा अन्य सितारे भी झलकते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो से सीरीज के रोमांचक और शाही अंदाज का पता चलता है, जो दर्शकों को काफी पसंद आने की उम्मीद है। सीरीज की रिलीज डेट पहले ही सामने आ चुकी है। निमार्ताओं ने ह्यद रॉयल्सह्न के पहले वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, ₹मुस्कुराइए, आप मोतीबाग महल में पहुंच गए हैं,₹ जो सीरीज की शाही और रोमांचक थीम को दशार्ता है। सीरीज के पोस्टर में ईशान खट्टर और भूमि पेडनेकर साथ खड़े नजर आ रहे हैं. सीरीज के माध्यम से एक्ट्रेस जीनत अमान अभिनय की दुनिया में वापसी करने जा रही हैं। भूमि पेडनेकर और ईशान खट्टर के अलावा, इस सीरीज में साक्षी तंवर, नोरा फतेही, जीनत अमान, मिलिंद सोमन, डिनो मोरिया, चंकी पांडे जैसे बड़े सितारे भी नजर आएंगे। इसके अलावा विहान समत, काव्या त्रेहन, सुमुखी सुरेश, उदित अरोड़ा, लिसा मिश्रा और ल्यूक केनी जैसे कलाकार भी अपनी अदाकारी से दर्शकों का दिल जीतने के लिए तैयार हैं। 'द रॉयल्स' एक ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी और फिल्म का प्रीमियर 9 मई को होगा।

## हिंदू रीति-रिवाज से शादी करने पर ट्रोल हुई सोहा अली खान

बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान की बहन और एक्ट्रेस सोहा अली खान एक्टिंग के अलावा सोशल मीडिया पर भी एक्टिव रहती हैं। वह अक्सर सोशल मीडिया के माध्यम से अपने दैनिक जीवन की घटनाओं को शेयर करके प्रशंसकों के साथ संपर्क में रहती हैं। फिल्म 'छोरी-2' के साथ सोहा ने सात साल बाद बॉलीवुड में वापसी की है। सोहा इस समय किसी और वजह से चर्चा में हैं। सोहा ने हाल ही में अंतरधार्मिक विवाह और हिंदू त्योहारों को मनाने के लिए उन्हें ट्रोल किए जाने के बारे में बात की। अंतरधार्मिक विवाह और उसके बाद समाज से मिली प्रतिक्रियाओं के बारे में बात करते हुए सोहा ने कहा, ₹मेरी शादी एक हिंदू परिवार में हुई है। मेरी मां हिंदू हैं। जब उनकी शादी एक मुस्लिम व्यक्ति से हुई, तो लोग हमेशा मेरी मां से पूछते थे कि उनके पति उन्हें काम करने की अनुमति कैसे देते है। इसके बावजूद उन्होंने इस बात को नजरअंदाज करके अपने काम पर ध्यान केंद्रित किया। अब जब मैं दिवाली या होली जैसे त्यौहार मनाती हूं और उसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट करती हूं, तो मुझे भी कई तरह की कमेंट्स आते है। कई लोग मुझसे सवाल पूछते हैं कि क्या आप भी रोजा रखती हैं, क्या आप वाकई मुस्लिम हैं। बेशक, ऐसी कमेंट्स से मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। लेकिन मैं ये कमेंट्स देखती हूं। कुछ लोगों को दूसरों की पीठ पीछे बातें करने में मजा आता है। सोहा ने कहा कि लोग हमेशा हमारे परिवार के बारे में ऐसी बातें करते रहते हैं, जिससे हमें कोई परेशानी नहीं होती, लेकिन हम ऐसी प्रतिक्रियाएं देख रहे हैं। पटौदी परिवार में पहले भी अंतरधार्मिक शादियां हुई हैं। वरिष्ठ अभिनेत्री शर्मिला टैगोर और मंसूर अली खान ने भी अंतरधार्मिक विवाह किया था। अभिनेता सैफ अली खान और अभिनेत्री करीना कपूर खान ने भी अंतरधार्मिक विवाह किया था। सोहा अली खान ने हाल ही में फिल्म 'छोरी-2' से बॉलीवुड में वापसी की है, जो 11 अप्रैल से अमेजन प्राइम पर दर्शकों के लिए उपलब्ध है। सोहा के साथ फिल्म में अभिनेता गश्मीर महाजनी, अभिनेत्री पल्लवी पाटिल और 'पंचायत' फेम अभिनेता जितेंद्र कुमार भी हैं। इससे पहले सोहा फिल्म 'साहब बीवी और गैंगस्टर रिटर्न्स', 'साहब बीवी और गैंगस्टर-3', '31 अक्टूबर', 'दिल मांगे मोर', 'मुंबई मेरी जान' में नजर आ चुकी हैं।



## जीवन में कई उतार-चढ़ाव... तलाक पर खुलकर बोले एआर रहमान



पिछले कुछ समय से भारत के लोकप्रिय और ऑस्कर विजेता संगीतकार एआर रहमान अपने निजी जीवन को लेकर सुर्खियों में हैं। करीब 29 साल की शादी के बाद एआर रहमान और उनकी पत्नी सायरा बानो ने अलग होने का फैसला लिया, जिसने उनके फैंस को चौंका दिया। बीते साल 19 नवंबर को रहमान ने खुद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर इस फैसले की जानकारी दी थी। हालांकि, तब उन्होंने इस मुद्दे पर ज्यादा कुछ नहीं कहा था, क्योंकि रहमान अपने निजी जीवन को लेकर बेहद शांत और निजी रहते हैं। अब लंबे समय की चुप्पी के बाद एआर रहमान ने इस विषय पर अपने दिल की बात शेयर की है।

हाल ही में दिए एक साक्षात्कार में एआर रहमान ने खुलासा किया कि तलाक की घोषणा के बाद सोशल मीडिया ने उनके जीवन को किस तरह प्रभावित किया। उन्होंने कहा कि सायरा बानो से अलग होने का फैसला उनके लिए एक बेहद भावनात्मक और व्यक्तिगत अनुभव था, लेकिन जब यह सार्वजनिक हुआ तो चीजें और भी जटिल हो गईं। रहमान ने भावुक अंदाज में कहा, ₹लोग मुझे बहुत प्यार करते हैं और मेरी फिक्र करते हैं। मैंने अपनी ज़िंदगी में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। हर इंसान में कुछ न कुछ खास होता है। हर कोई अपने तरीके से एक सुपरहीरो है। मेरे चाहने वालों ने मुझे हमेशा एक सुपरहीरो की तरह देखा और स्वीकारा है।₹ इसी भावना को व्यक्त करते हुए उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने अगले म्यूजिक टूर का नाम 'वंडरमेंट' रखा है। ₹यह मेरे लिए एक चमत्कार जैसा है कि मुझे आज भी इतना प्यार और आशीर्वाद मिलता है।₹ रहमान ने मुस्कुराते हुए कहा। एआर रहमान ने साल 1995 में सायरा बानो से शादी की थी। दोनों की शादी एक खुशहाल रिश्ते की मिसाल मानी जाती थी। उनके तीन बच्चे खतीजा, रहीमा और अमीन हैं। एआर रहमान को भारत के सबसे सफल और अमीर संगीतकारों में गिना जाता है। 1992 में आई फिल्म 'रोजा' से उन्होंने संगीत की दुनिया में तहलका मचा दिया था और तभी से उनका सितारा बुलंदियों पर है। आज उनकी कुल संपत्ति करोड़ों में है। देश-विदेश में उनके कई शानदार बंगले हैं और उनके कलेक्शन में कई लग्जरी कारें भी शामिल हैं।

# सनी देओल ने किया 'जाट-2' का ऐलान




फिल्म अभिनेता सनी देओल की हालिया रिलीज 'जाट' भले ही धीरे-धीरे सिनेमाघरों से उतर रही हो, लेकिन फिल्म ने 50 करोड़ क्लब में एंट्री लेकर एक अहम मुकाम जरूर हासिल किया है। यह सनी देओल के करियर की चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। अब इसी कड़ी में एक और बड़ी खबर सामने आई है। सनी देओल ने 'जाट-2' का आधिकारिक ऐलान कर दिया है। सनी देओल और निर्देशक गोपीचंद मलिनेनी ने जब से सोशल मीडिया पर 'जाट-2' की घोषणा की है, तभी से फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। वही पोस्ट में सनी ने अपने अंदाज में लिखा, ₹अपने नए मिशन पर निकला जाट। 'जाट-2' के लिए हो जाएं तैयार₹ इस लाइन ने सनी के एक्शन लवर्स का दिल जीत लिया। हालांकि 'जाट' को क्रिटिक्स और दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली थी, लेकिन बॉक्स ऑफिस कलेक्शन और एक्शन सीक्वेंस ने फिल्म को हिट की कैटेगरी में पहुंचा दिया। अब 'जाट-2' से उम्मीदें और भी ज्यादा बढ़ गई हैं।

'जाट' की बॉक्स ऑफिस रिपोर्ट 'जाट' की कमाई की बात करें तो, बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के अनुसार, 'जाट' ने रिलीज के सातवें दिन लगभग 4 करोड़ रुपये की कमाई की है।

## पति सिद्धार्थ संग अदिति राव हैदरी की अनदेखी तस्वीरें वायरल

अभिनेता सिद्धार्थ को 46वें जन्मदिन पर उनकी पत्नी अभिनेत्री अदिति राव हैदरी ने बेहद दिलकश अंदाज में बधाई दी है। अदिति ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर सिद्धार्थ की अनदेखी तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह खुद भी नजर आ रही हैं। ये तस्वीरें दोनों के खूबसूरत और निजी पलों की झलक देती हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर सिद्धार्थ की 16 प्यारी तस्वीरों के साथ एक इमोशनल और प्यार भरा नोट लिखा, जिसमें उन्होंने अपने रिश्ते की गहराई और सिद्धार्थ की शख्सियत को बड़े ही खास अंदाज में बयां किया। अदिति ने लिखा, ₹मेरा पर्सनल यूनिकॉर्न को जन्मदिन की शुभकामनाएं। हंसी, प्यार और मनोरंजन के लिए मेरा अंतहीन सब्सक्रिप्शन। मेरा सबसे पसंदीदा इंसान, प्लेमेट, ट्रैवल



बडी, जानवरों से बात करने वाला, अभिनेता, फिल्म मेकर, म्यूजिक निमार्ता, गायक, थोड़ा सा डांसर, फोटोग्राफर, खाना ऑर्डर करने का मास्टर और कुक। इस खूबसूरत इंसान के साथ एक भी पल उबाऊ नहीं होता। तुम हमेशा खुश रहो। मेरे सिद्धू सबसे अच्छे। दिल से निकले मैसेज ने न सिर्फ फैंस का दिल छू लिया, बल्कि सोशल मीडिया पर भी ये पोस्ट वायरल हो रही है। अदिति और सिद्धार्थ की ये बॉन्डिंग देख फैंस भी कपल गोल कहते नहीं थक रहे। फिल्म महा समुद्रम की शूटिंग के दौरान अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ के बीच जो शुरूआत एक हल्की-फुल्की दोस्ती और मजाक-मस्ती से हुई, वह कब गहरी दोस्ती और फिर प्यार में बदल गई, उन्हें खुद भी एहसास नहीं हुआ। शूटिंग के दौरान साथ बिताया गया वक्त, एक-दूसरे की कंपनी का सुकून और आपसी समझदारी ने उनके रिश्ते को एक मजबूत मोड़ दिया। अदिति ने अपनी शादी को लेकर खुलासा करते हुए बताया था कि उन्होंने और सिद्धार्थ ने वानापर्थी के एक 400 साल पुराने मंदिर में गुपचुप शादी की थी। यह मंदिर अदिति के परिवार के लिए बेहद खास है और उनके पूर्वजों से जुड़ी ऐतिहासिक विरासत का हिस्सा भी है। इस पारंपरिक और निजी समारोह में सिर्फ परिवार के बेहद करीबी लोग शामिल हुए थे। उनकी यह सादगी और निजी अंदाज में रचाई गई शादी फैंस को काफी पसंद आई।

## सऊदी ग्रां प्री से पहले लुईस हैमिल्टन ने फेरारी को लेकर दिया बयान, कहा- टीम पर सबसे ज्यादा रहती है निगाहें

**एजेंसी**

**जेद्दाह :** सात बार के फॉमूर्ला वन वर्ल्ड चैंपियन लुईस हैमिल्टन ने सऊदी अरब ग्रां प्री से पहले फेरारी को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि फेरारी को अक्सर 'क्राइसिस टीम' कहकर बुलाया जाता है और लोग इसकी मुश्किलों को ज्यादा बढ़ा-चढ़ाकर पेश करते हैं। हैमिल्टन इस सीजन में फेरारी टीम के साथ दौड़ रहे हैं और उन्होंने टीम की ताकत और जुनून की भी तारीफ की।

**'फेरारी इतिहास की सबसे बड़ी टीम, इसलिए ज्यादा चर्चा होती है'**

हैमिल्टन ने एक आधिकारिक बयान में कहा, ₹एक तरह से ये उम्मीद की ही जाती है। फेरारी फॉमूर्ला 1 इतिहास की सबसे महान टीम है। जाहिर है, इसके बारे में ज्यादा स्टोरीज लिखी जाती हैं और लोग अपनी-अपनी राय देते हैं। सब कुछ हमेशा सुचारू नहीं रहा है।₹

उन्होंने आगे कहा, ₹इस टीम में कई शानदार चीजें हैं। हम इसके अंदर की ऊर्जा और जुनून को संभालना चाहते हैं। साथ ही इसे



सुरक्षित भी रखना जरूरी है, क्योंकि इस टीम पर बाकी टीमों के मुकाबले ज्यादा ध्यान रहता है।

**जेद्दाह सर्किट हैमिल्टन का फेवरेट ट्रैक**

हैमिल्टन ने जेद्दाह कॉर्निश सर्किट को अपना पसंदीदा ट्रैक बताया। हालांकि, इस ट्रैक को इसकी संकरी लेआउट और हाई-स्पीड कॉर्नर्स की वजह से खतरनाक भी माना जाता है। हैमिल्टन ने कहा, ₹मुझे ये ट्रैक बेहद पसंद है। ये बहुत तेज है और ड्राइवरों के लिए काफी चुनौतीपूर्ण भी। गर्मी, तापमान, हाई-स्पीड कॉर्नर्स में जी-फोर्स और तेजी से बदलते हालात इसे और मुश्किल बनाते हैं। इसे शब्दों में बयान कर पाना आसान नहीं।

**रेस में वन-स्टॉप स्ट्रैटेजी का दबदबा**

हैमिल्टन ने सर्किट की सतह को काफी स्मूद बताया और कहा कि ज्यादातर रेस में वन-स्टॉप स्ट्रैटेजी ही देखने को मिली है। हालांकि, अगर तापमान बढ़ता है तो टीमें दो पिट-स्टॉप करने पर मजबूर हो सकती हैं, जिससे रेस और रोमांचक बन सकती है।

**शंघाई में पहली जीत, लेकिन अभी लंबा सफर**

हैमिल्टन ने हाल ही में शंघाई स्प्रिंट रेस में अपनी पहली जीत दर्ज की है, लेकिन रविवार को हुई मेन रेस में बहरैन में वो पांचवें स्थान से आगे नहीं बढ़ सके। मीडियम टायर पर कार का प्रदर्शन बेहतरीन था, लेकिन सेफ्टी कार की एंट्री ने टीम की रणनीति बिगाड़ दी और हार्ड टायर लगाने पड़े, जिससे वो पोडियम की रेस में पिछड़ गए।

**'नई कार में स्टाइल एडजस्ट करना चुनौतीपूर्ण'**

हैमिल्टन ने कहा कि बहरीन में कार का अनुभव सकारात्मक रहा, लेकिन इसका मतलब ये नहीं कि आगे की रेस में उसी तरह का प्रदर्शन दोहराया जा सकेगा।

## बार्सिलोना ओपन: कार्लोस अल्कराज क्वार्टरफाइनल में, लासलो जिरे को सीधे सेटों में हराया

**एजेंसी**

**बार्सिलोना :** स्पेनिश स्टार कार्लोस अल्कराज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बार्सिलोना ओपन के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। गुरुवार को खेले गए मुकाबले में उन्होंने सर्बिया के लासलो जिरे को 6-2, 6-4 से हराया।

**पहले सेट में किया दबदबा, दूसरे में दिखा संघर्ष**

वर्ल्ड नंबर-2 अल्कराज ने मुकाबले की शानदार शुरूआत करते हुए पहले सेट में जिरे को कोई मौका नहीं दिया। उन्होंने दोनों ब्रेक प्वाइंट बचाते हुए पहला सेट 6-2 से अपने नाम किया। इस सेट में जिरे एक भी विनर नहीं लगा सके, जबकि अल्कराज ने 8 विनर जमाए। दूसरे सेट में जिरे ने वापसी की कोशिश की और 4-2 की बढ़त भी बना ली। हालांकि इसके बाद अल्कराज ने लय पकड़ते हुए लगातार चार गेम जीते और सेट के साथ मुकाबला भी अपने नाम किया। मैच के बाद अल्कराज ने कहा, ₹4-2 से पिछड़ने के बाद मैंने अपनी असली टेनिस खेली। खुशी है कि सही वक्त पर अपना स्तर बढ़ा सका।



उम्मीद है कि आगे भी इसी तरह खेल जारी रखूंगा।

**अगले मुकाबले में किससे भिड़ंत?**

अब क्वार्टरफाइनल में अल्कराज का मुकाबला वर्ल्ड नंबर-7 एलेक्स डी मिनाउर या ब्रिटेन के जैकब फर्नले में से किसी एक से होगा। यह मुकाबला शुक्रवार को खेला जाएगा। दूसरी ओर, स्पेन के अलेहांद्रो डेविडोविच फोकीना ने वर्ल्ड नंबर-8 आंद्रे रुब्लेव को 7-5, 6-4 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। छह मुकाबलों में यह पहली बार था जब डेविडोविच फोकीना ने रुब्लेव को शिकस्त दी। उन्होंने पहले सेट में तीन बार ब्रेक हासिल किया और दूसरा सेट भी शानदार अंदाज में 5-4 की बढ़त के बाद बिना कोई पॉइंट गंवाए मैच अपने नाम कर लिया।

## आईपीएल 2025: विल जैक्स के ऑलराउंड प्रदर्शन से मुंबई इंडियंस ने हैदराबाद को 4 विकेट से हराया

**एजेंसी**

**मुंबई :** आईपीएल 2025 के 33वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद को 4 विकेट से हरा दिया है। मैच के हीरो इंग्लिश ऑलराउंडर विल जैक्स रहे, जिन्होंने बल्ले से 36 रन बनाए और गेंदबाजी में दो अहम विकेट झटके। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद ने निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट पर 162 रन बनाए। ओपनर्स अभिषेक शर्मा (40) और ट्रैविस हेड (28) ने तेज शुरूआत दी, लेकिन मध्यक्रम में रन गति को बनाए रखना मुश्किल हुआ। हेनरिक क्लासेन ने आखिर में 37 रनों की उपयोगी पारी खेली। मुंबई की ओर से विल जैक्स ने 3 ओवर में सिर्फ 14 रन देकर 2 विकेट लिए, जबकि बुमराह, ट्रेंट बोल्ट और हार्दिक पंड्या को एक-एक सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस की शुरूआत संतुलित रही। रोहित शर्मा (26) और रिकलटन (31) ने अहम



साझेदारी की। हालांकि, बीच के ओवरों में हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने मैच में जान फूंक दी। उन्होंने 3 विकेट लेकर मुंबई के बल्लेबाजी क्रम को झटका दिया, जिसमें सूर्यकुमार यादव और विल जैक्स जैसे खतरनाक बल्लेबाज शामिल रहे। मुंबई की जीत में तिलक वर्मा ने संयमित बल्लेबाजी करते हुए 21 रनों की नाबाद पारी खेली, जबकि हार्दिक पंड्या ने तेजतर्रार 21 रन बनाए। हालांकि एक समय मुंबई पर दबाव बना, लेकिन 18.1 ओवर में टीम ने 6 विकेट पर 166 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। हैदराबाद के लिए पैट कमिंस ने 3 विकेट, इशान मलिंगा ने 2, और हर्षल पटेल ने 1 विकेट लिया।

# यूपी से पूर्णिया शादी समारोह में जा रही बस ने खड़ी ट्रक में मारी टक्कर ,चार रेफर, 21 घायल

एजेंसी

**अररिया :** फारबिसगंज के रामपुर पावर ग्रीड के पास फोरलेन एनएच 27 पर सड़क के किनारे खड़ी ट्रक में तेज रफ्तार बस ने शुक्रवार सुबह पीछे से जोरदार टक्कर मार दी,जिसमें बस में सवार करीबन 21 यात्री जख्मी हो गए।बस में सवार लोग उत्तरप्रदेश के अम्बेडकरनगर के टांडा से पूर्णिया मधुबनी बेटी को लेकर शादी के लिए जा रहे थे। पूर्णिया मधुबनी में एक होटल में आज शादी होनी थी।घायल में दुल्हन कुमारी शिल्पा भी शामिल है।हादसे की सूचना के बाद एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा और थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह दल बल के साथ पहुंचे और सभी घायलों को इलाज के लिए फारबिसगंज अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया,जहां चार की नाजुक हालत देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है। अस्पताल में 21 लोगों को



इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।घायलों में राजेश वर्मा,राकेश वर्मा,वधू कुमारी शिल्पा,अंजलि वर्मा,इंदु कुमारी,निधि कुमारी,आरती देवी,अभिषेक यादव,श्याम शर्मा,आभा वर्मा,इंद्रजीत वर्मा,गायत्री वर्मा,तारा देवी,अखिलेश कुमार, लता भारती,श्यामराम,आरती देवी,अली हुसैन,लीलावती देवी,विजय लक्ष्मी सहित अन्य शामिल हैं। वहीं लीलावती देवी,श्यामराम,इंदु कुमारी निधि कुमारी की नाजुक हालत देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है।

लड़की के पिता घायल राजेश वर्मा ने बताया कि उनकी बेटी कुमारी शिल्पा का पूर्णिया के मधुबनी में आज शादी होनी है। शादी समारोह में भाग लेने के लिए उत्तर प्रदेश के अंबेडकरनगर के टांडा से हमलोग बस से पूर्णिया जा रहे थे।बस में करीबन 35 की संख्या में लोग थे। इसी क्रम में फारबिसगंज रामपुर के पास सड़क के किनारे खड़ी ट्रक में बस ने पीछे से टक्कर मार दी, जिसमें करीबन 21 घायल हुए हैं।बाकी अन्य को भी चोटें आई है।उन्होंने कहा कि गाड़ी काफी तेज गति में थी और जब तक बस का ड्राइवर ब्रेक लगाता,बस ने ट्रक में ठोकर मार दी। फारबिसगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मुकेश कुमार साहा ने बताया कि श्री श्रृंगी ऋषि बाबा बस ने सड़क के किनारे खड़ी ट्रक में टक्कर मार दी।उन्होंने बताया कि ट्रक का गुल्ला थोड़ी देर पहले ही टूटा था,जिसके कारण वह सड़क पर खड़ी थी।उन्होंने बताया कि फिलहाल सभी घायलों को अस्पताल भिजवाया गया है।वहीं रेफर हुए मरीजों को समुचित इलाज के लिए हायर सेंटर भिजवाने भी व्यवस्था की गई है।

## भारतमाला हाईवे पर तेज रफ्तार वाहन ने रौंदा ऊंटों का काफिला, नौ की मौत

**जोधपुर :** फलोदी क्षेत्र में गुरुवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में 9 ऊंटों की मौत हो गई, जबकि 2 गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा भारतमाला हाईवे (गुजरात-पंजाब मार्ग) पर भोजासर क्षेत्र के लक्ष्मण नगर स्थित टोल प्लाजा के पास हुआ, जहां एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ऊंटों के काफिले को रौंदता हुआ निकल गया। भोजासर थानाधिकारी अशोक कुमार विश्नोई ने बताया कि देर रात सड़क पार कर रहे ऊंटों के झुंड को तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। शुक्रवार सुबह स्थानीय लोगों ने सड़क पर बिखरे ऊंटों के शव देखे और पुलिस व प्रशासन को सूचना दी। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने हाईवे पर जाम लगा दिया और प्रदर्शन करते हुए प्रशासन से सुरक्षा उपायों की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि भारतमाला परियोजना के शुरू होने के बाद इस मार्ग पर वाहनों की गति बेकाबू हो गई है। उन्होंने मार्ग पर पशु चेतावनी संकेतक लगाने और रात के समय गश्त बढ़ाने की मांग की। सूचना पर सुबह 9 बजे पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। पशु चिकित्सकों की टीम को बुलाकर घायल ऊंटों का उपचार शुरू किया गया। थानाधिकारी अशोक कुमार ने लोगों की समझाइश कर जाम खुलवाया गया।

## यूक्रेन के प्रति नरम पड़े ट्रम्प, कहा- युद्ध के लिए जेलेंस्की जिम्मेदार नहीं

एजेंसी

**वाशिंगटन :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के यूक्रेन के प्रति सुर बदल रहे हैं। उन्होंने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध के लिए जेलेंस्की जिम्मेदार नहीं हैं। वह जल्द ही यूक्रेन के साथ एक मिनरल्स डील (खनिज उत्पादन से संबंधित) पर हस्ताक्षर करने की तैयारी कर रहे हैं। इस समय इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी अमेरिका की यात्रा पर हैं।मेलोनी के साथ वार्ता के बाद डोनाल्ड ट्रम्प ने शनिवार को व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा कि वह जेलेंस्की को युद्ध के लिए जिम्मेदार नहीं मानते। लेकिन इस बात से भी खुश नहीं हूं कि उस क्षेत्र में युद्ध हो रहा है। साथ ही उन्होंने जल्द ही युक्रेन के साथ मिनरल्स डील पर हस्ताक्षर करने की बात कही। ट्रम्प ने यह बयान इटली की प्रधानमंत्री के सामने दिया है, इसलिए भी इसे खासा अहम माना जा रहा है। गौरतलब है कि राष्ट्रपति की शपथ लेने के बाद से ही डोनाल्ड ट्रम्प युद्ध को लेकर जेलेंस्की पर खासे हमलावर रहे हैं। उन्होंने बीते दिनों व्हाइट हाउस में जेलेंस्की को युद्ध के लिए जिम्मेदार बताया था। इस दौरान ट्रम्प और जेलेंस्की के बीच वाकयुद्ध तक हो गया था। उसके बाद जेलेंस्की ने ट्रम्प को यूक्रेन आकर रूस द्वारा मचाई गई तबाही को देखने का न्यौता दिया था।

## अमेरिकी नागरिक ने हाईजैक किया विमान, आरोपी ढेर

**बेलमोपान :** अमेरिकी नागरिक ने दुस्साहस पूर्ण कार्रवाई को अंजाम दे डाला। आरोपी ने बेलीज के घरेलू उड़ान पर जा रहे विमान को चाकू की नोंक पर हाईजैक कर लिया। लेकिन तभी आरोपी को एक विमान के यात्री ने गोली मारकर ढेर कर दिया। आरोपी की पहचान अमेरिकी नागरिक अकिन्येला सावा टेलर (65) के रूप में हुई है। रायटर्स के मुताबिक घटना उस समय हुई जब विमान हवा में था। हाईजैक के समय विमान में 14 यात्री और दो चालक दल के सदस्य सवार थे। विमान घरेलू उड़ान पर कोरोजल शहर से सैन पेड्रो के लिए जा रहा था। आरोपी ने विमान को चाकू की नोंक पर देश से बाहर ले जाने का प्रयास किया। बेलीज के पुलिस कमिश्नर चेस्टर विलियम्स ने बताया कि वारदात शनिवार देर शाम की है।आरोपी टेलर ने विमान में पायटल व दो यात्रियों के चाकू भी मारे।

## भारत की बांग्लादेश को सलाह, दिखावा करने की बजाय अपने यहां अल्पसंख्यकों की रक्षा करने पर दे ध्यान

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारत ने पड़ोसी देश बांग्लादेश को कपटपूर्ण हरकतों से बाज आने की सलाह दी है। कहा है कि हम पर टिप्पणी करने की बजाय उसे अपने अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि हम पश्चिम बंगाल की घटनाओं के संबंध में बांग्लादेश की ओर से की गई टिप्पणियों को अस्वीकार करते हैं। उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार के प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने



मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा में उनके देश का हाथ होने से इनकार करते हुए भारत सरकार और पश्चिम बंगाल सरकार से मुसलमानों की सुरक्षा सुरक्षित करने को कहा था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने इस पर कहा कि यह बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के चल रहे उत्पीड़न पर भारत की चिंताओं के साथ समानता स्थापित करने का एक छिपा हुआ और कपटपूर्ण प्रयास है। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा करने वाले अपराधी अभी भी खुलेआम घूम रहे हैं। उन्होंने कहा कि अनुचित टिप्पणी और दिखावा करने के बजाय बांग्लादेश को अपने अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

# हिमाचल में फिर बदलेगा मौसम का मिजाज, दो दिन के लिए ऑरेंज अलर्ट

एजेंसी

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में इन दिनों मौसम करवट बदल रहा है। शुक्रवार सुबह राजधानी शिमला सहित राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में मौसम साफ बना हुआ है और धूप खिली है। अन्य पर्यटक स्थलों सहित जनजातीय क्षेत्रों में भी फिलहाल मौसम साफ है लेकिन मौसम विभाग ने आज से तीन दिन तक के लिए सतर्क कर दिया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने 18 और 19 अप्रैल को राज्य के अधिकांश हिस्सों में भारी वर्षा, ओलावृष्टि, तूफान और बिजली गिरने की संभावना जताते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने लोगों से खराब मौसम के दौरान एहतियात बरतने और अनावश्यक रूप से यात्रा से बचने की अपील की है। मौसम विभाग के सात दिवसीय पूर्वानुमान के मुताबिक आज यानी 18 से 20 अप्रैल तक प्रदेश में कई स्थानों पर मौसम खराब रहने की संभावना है। इस दौरान



### 21 अप्रैल से मौसम होगा सामान्य

मौसम विभाग ने बताया कि 21 और 22 अप्रैल को प्रदेश के कुछ ही क्षेत्रों में हल्के बादल छाने और कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी होने की संभावना है। इन दोनों दिनों के लिए किसी प्रकार की गंभीर चेतावनी जारी नहीं की गई है। वहीं 23 और 24 अप्रैल को पूरे प्रदेश में मौसम शुष्क और साफ बना रहने का अनुमान है। इन दिनों किसी भी तरह की वर्षा, ओलावृष्टि या तूफान की आशंका नहीं है।

आंधी-तूफान के साथ ओलावृष्टि, गरज-चमक और भारी बारिश या हिमपात हो सकता है। 18 अप्रैल को तेज हवाएं चलने, ओले गिरने और बिजली चमकने की संभावना है। कई क्षेत्रों में हवाओं की गति 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा तक रहने की आशंका है। मौसम विभाग ने इन स्थितियों को देखते हुए अत्यधिक सतर्कता बरतने की चेतावनी दी है। 19 अप्रैल को भी प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में मौसम का मिजाज कुछ इसी प्रकार का रहने वाला है। हालांकि इस दिन तेज हवाओं की गति 50 से 60 किलोमीटर प्रतिघंटा तक पहुँच सकती है। कई स्थानों पर गरज के साथ बारिश, ओलावृष्टि और बर्फबारी की संभावना बनी रहेगी। 20 अप्रैल को मौसम में कुछ सुधार होने की उम्मीद है। हालांकि कुछ क्षेत्रों में 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं और गरज-चमक के साथ हल्की वर्षा भी हो सकती है। इस दिन ओलावृष्टि या भारी बारिश की संभावना नहीं जताई गई है। मौसम विभाग ने किसानों और आम लोगों को सलाह दी है कि वे अगले कुछ दिनों तक मौसम की ताजा जानकारी पर नजर रखें और सतर्कता बरतें। विशेषकर 18 और 19 अप्रैल को तेज हवाओं और बिजली गिरने जैसी घटनाओं की आशंका को देखते हुए अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत है। ऊपरी हिमालयी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने और अनावश्यक यात्रा से बचने की हिदायत दी गई है। वहीं पर्यटकों को भी मौसम की जानकारी लेकर ही यात्रा की योजना बनाने को कहा गया है ताकि किसी प्रकार की परेशानी से बचा जा सके। उल्लेखनीय है कि बुधवार की रात प्रदेश में आए तूफान ने भारी तबाही मचाई थी। तेज हवाओं से कई स्थानों पर पेड़ गिर गए थे जिससे घरों और वाहनों को नुकसान पहुंचा था। अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों की मौत की भी खबर है। तूफान की भयावहता को देखते हुए मौसम विभाग ने आगामी दिनों में भी ऐसी परिस्थितियों की पुनरावृत्ति से इनकार नहीं किया है।

## मध्य प्रदेश में बढ़ने लगा पारा, 20 शहरों में तापमान 40 डिग्री के पार, नर्मदापुरम सबसे गर्म

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश में मौसम के दो रंग देखने को मिल रहे हैं। कहीं तेज गर्मी का कहर जारी है, तो कहीं बूंदाबादी हो रही है। गुरुवार को शाजापुर और सीहोर जिले में बारिश हुई। वहीं, भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन समेत प्रदेश के 20 शहरों में दिन का तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच गया। कई शहरों में तो पारा 3 डिग्री या इससे ज्यादा बढ़ गया। मौसम विभाग ने बताया कि आने वाले दिनों में ज्यादातर क्षेत्रों में अधिकतम तापमान देखने को मिलेगा। कहीं-कहीं हीटवेव के साथ लू चलने का भी अलर्ट भी जारी किया गया है। मध्य प्रदेश में सूरज की तपिश तेज हो गई है। इससे गर्मी का असर भी बढ़ा है। गर्मी का असर बढ़ते ही मौसम विभाग ने लोगों को दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक जरूरत पड़ने पर ही घरों से बाहर निकलने की सलाह दी है। इन्हीं 4 घंटों के दौरान धूप तेज होती है और गर्म हवाएं चलती हैं। वहीं, खाना-पान और सूती कपड़े पहनने की सलाह भी दी गई है। प्रदेश में दिन के तापमान में बढ़ोतरी हुई है। वहीं, रात में भी गर्मी बढ़ी है। अगले 5 दिन तक



ऐसा ही मौसम रहेगा। वहीं, अगले 24 घंटे में बड़वानी, धार, खरगोन, बुरहानपुर, पांढुरना, मंडला, बालाघाट जिले में हल्की बारिश हो सकती है। जबकि मालवा, निमाड़, चंबल और बुंदेलखंड के कई जिलों में लू का भी अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम विभाग के अनुसार, गुरुवार को नर्मदापुरम सबसे गर्म रहा। यहां अधिकतम तापमान 43.6 डिग्री दर्ज किया गया। रतलाम में 43.2 डिग्री रहा। गुना में 42.4 डिग्री, शाजापुर में 42.1 डिग्री, नरसिंहपुर-धार में 42 डिग्री, टीकमगढ़ में 41.5 डिग्री, सागर में 41.4 डिग्री, नौगांव, खजुराहो-मंडला में 41 डिग्री दर्ज किया गया। इसी तरह खरगोन में 40.6 डिग्री, खंडवा-दमोह में 40.5 डिग्री, रायसेन में 40.4 डिग्री और शिवपुरी में 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# बलरामपुर : बीते वर्ष बारिश से गिरा कच्चा मकान, पीएम आवास योजना का लाभ नहीं मिलने से कोरवा जनजाति परिवार हो रहा परेशान

एजेंसी

**बलरामपुर :** गरीबों को पक्का आशियाना मुहैया कराने के लिए सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना चला रही है ताकि हर गरीबों को पक्का छत मिल सकें लेकिन बलरामपुर जिले से एक ऐसा मामला सामने आया है जो प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़ा कर रहा है। पूरा मामला जिले के वाड्रफनगर का है। रजखेता गांव वाड्रफनगर जनपद कार्यालय से महज दो किलोमीटर की दूरी पर बसा हुआ है लेकिन जनपद और पंचायत स्तर के कर्मचारियों की लापरवाही की वजह से आज भी एक कोरवा जनजाति के परिवार अपने पांच सदस्यों के साथ टूटी-फूटी झोपड़ी में रहने पर मजबूर है। हैरानी की बात तो यह है कि अनिल कोरवा के घर की इस हालत पर अभी तक किसी भी जिम्मेदार की नजर नहीं



पड़ी है। अनिल ने आज शुक्रवार को बताया कि बीते वर्ष बरसात के मौसम में उनका कच्चा मकान टूट गया था और तब से अपने परिवार के साथ इसी टूटे हुए घर में रहने को मजबूर है। अनिल अपनी पत्नी और बच्चों के साथ यही गुजारा करते है। अनिल और उनकी पत्नी मजदूरी कर जीवन यापन करते है। कमाए हुए रुपयों से बमुश्किल घर खर्च चल पाता है। बरसात और धूप से बचने के लिए त्रिपाल भी खरीद पाना परिवार के लिए मुश्किल हो गया है। वाड्रफनगर जनपद सीईओ निजामुद्दीन ने बताया कि, मामला आपके द्वारा संज्ञान में आया है। सभी ग्राम पंचायतों में सर्वे चल रहा है। अगर उनको आवास नहीं मिला होगा तब उनको आवास दिया जाएगा। फिलहाल सचिव हड़ताल पर है। अभी रोजगार सहायक सेवा दे रहे है। रोजगार सहायक से जानकारी लेकर वेरिफाई कर आगे की कार्रवाई की जाएगी और आवास किस कारणों से उन्हें नहीं दिया गया जो भी जिम्मेदार होंगे उन पर कार्रवाई की जाएगी।

न्यूज IN ब्रीफ

## मणिपुर में दो केवाईकेएल विद्रोही गिरफ्तार, हथियार बरामद



**थौबल/चुराचांदपुर (मणिपुर) :** मणिपुर में सुरक्षा बलों ने थौबल जिले के वांगजिंग खबाखोंग, हाईवे- 102 से केवाईकेएल (कांगली यावल कनना लुप) के दो विद्रोहियों मुतुम रंजन मेइती उर्फ लमजिंगबा (21) और नगसेपम बार्लिन सिंह उर्फ कांगलेई (23) को गिरफ्तार किया। इनके पास से एक 36 एचई हैंड ग्रेनेड, एक चाइनीज हैंड ग्रेनेड, दो मोबाइल फोन, दो कीपैड मोबाइल, एक नीले रंग की पर्स, एक स्लिंग बैग, एक आधार कार्ड, एक पैन कार्ड और एक दोपहिया वाहन बरामद किया गया। एक अन्य ऑपरेशन में मणिपुर पुलिस ने वायरल वीडियो मामले में दो व्यक्तियों चिनसोनलुन (30) और लैमसुआनलाल टोम्बिंग (29) को गिरफ्तार किया है। वीडियो में अज्ञात उपद्रवी चुराचांदपुर थाना क्षेत्र के किसी अज्ञात स्थान पर अत्याधुनिक हथियार लहराते नजर आए थे। पुलिस दोनों मामलों में विवेचना कर रही है।

## ईरान-यूएस वार्ता से पहले सऊदी रक्षा मंत्री की तेहरान यात्रा, रिश्तों में नया मोड़

**तेहरान :** ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु कार्यक्रम को लेकर होने वाली वार्ता से ठीक पहले सऊदी अरब के रक्षा मंत्री प्रिंस खालिद बिन सलमान गुरुवार को आधिकारिक यात्रा पर तेहरान पहुंचे। इस महत्वपूर्ण दौरे के दौरान उन्होंने ईरानी सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई से मुलाकात की और सऊदी किंग सलमान बिन अब्दुलअजिज का विशेष संदेश सौंपा। ईरानी सरकारी मीडिया के अनुसार, खामेनेई ने इस मुलाकात के दौरान कहा कि, ईरान और सऊदी अरब के बीच संबंध दोनों देशों के लिए लाभकारी हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि तेहरान, रियाद के साथ रिश्तों को और बेहतर बनाने के लिए सभी बाधाओं को दूर करने के लिए तैयार है। गौरतलब है कि 2023 में चीन की मध्यस्थता से ईरान और सऊदी अरब ने एक ऐतिहासिक समझौते के तहत राजनयिक संबंधों को फिर से स्थापित किया था। यह समझौता वर्षों की दुश्मनी और क्षेत्रीय अस्थिरता को खत्म करने की दिशा में एक बड़ा कदम था। तेहरान यात्रा के दौरान सऊदी रक्षा मंत्री ने ईरानी सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ मोहम्मद बाघेरी से भी मुलाकात की। बाघेरी ने कहा कि, बीजिंग समझौते के बाद से सऊदी और ईरानी सेनाओं के बीच रिश्तों में उल्लेखनीय सुधार आया है। सऊदी अरब ने अमेरिका और ईरान के बीच हो रही परमाणु वार्ता का स्वागत करते हुए इसे क्षेत्रीय और वैश्विक विवादों को सुलझाने की दिशा में सकारात्मक कदम बताया है। बताया जा रहा है कि ईरान और अमेरिका के बीच रोम में इस सप्ताहांत दूसरे दौर की वार्ता होगी, जिसका केंद्र ईरान का विवादास्पद यूरेनियम संवर्धन कार्यक्रम रहेगा।

## हिमाचल सचिवालय को बम से उड़ाने की धमकी की जांच में जुटा साइबर सैल

**शिमला :** हिमाचल सचिवालय के मुख्य सचिव कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद शिमला पुलिस अलर्ट मोड में आ गई है। धमकी भरा ईमेल मिलने के तुरंत बाद सचिवालय परिसर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और जांच के लिए साइबर सैल को एक्टिव किया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस मुख्यालय से विशेष साइबर कमांडो की टीम भी भेजी गई है। शिमला पुलिस की साइबर क्राइम शाखा को इस मामले की जांच सौंपी गई है। साइबर सैल ने ईमेल की तकनीकी पड़ताल शुरू कर दी है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि यह मेल कहां से और किसने भेजा है। वहीं मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस मुख्यालय ने भी जांच में सहयोग के लिए विशेष साइबर कमांडो शिमला भेजे हैं ताकि जांच में तेजी लाई जा सके और जल्द से जल्द दोषी को पकड़ा जा सके। पुलिस के मुताबिक यह धमकी बुधवार देर रात करीब डेढ़ बजे एक अज्ञात ईमेल के माध्यम से मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना को भेजी गई। मेल में सचिवालय को बम से उड़ाने की बात कही गई थी जिसके बाद रातोंरात पूरे सचिवालय परिसर को खाली करवा कर बम डिस्पोजल स्क्वॉड और डॉग स्क्वॉड की मदद से गहन तलाशी अभियान चलाया गया। हालांकि जांच के दौरान कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने बताया कि इसी तरह की एक और धमकी भरा मेल मंडी के उपायुक्त को भी भेजा गया था। दोनों ईमेल की भाषा और शैली लगभग समान है जिससे संदेह है कि दोनों मेल एक ही व्यक्ति या समूह द्वारा भेजे गए हैं। विशेष बात यह है कि इन धमकियों में तमिलनाडु में किसी बड़ी घटना के साथ बम धमाकों की टाइमिंग को जोड़ने की बात कही गई है। इस संभावित लिंक की भी जांच की जा रही है। धमकी के बाद सचिवालय में सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। सभी गेटों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। आने-जाने वालों की सघन चेकिंग हो रही है और सीसीटीवी कैमरों की मदद से हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है। सचिवालय भवन को पूरी तरह सैनिटाइज भी किया गया है ताकि कोई चूक न रह जाए। उधर मंडी में भी इसी तरह की प्रक्रिया पहले ही अपनाई जा चुकी है, जहां मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय को धमकी मिली थी। वहां भी बम डिस्पोजल और डॉग स्क्वॉड ने तलाशी अभियान चलाया था। मुख्य सचिव ने बताया कि धमकी भेजने वाले की पहचान के लिए केंद्रीय खुफिया एजेंसियों से भी मदद मांगी गई है। उन्होंने कहा कि ईमेल ट्रेस करने के लिए साइबर एक्सपर्ट्स की सहायता ली जा रही है और जल्द ही पूरे मामले की तह तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है।

## पूर्व गृह मंत्री ननकी राम ने की मुआवजा वितरण में किये गए घोटाला और कोयला चोरी के मामले में केंद्रीय एजेंसियों से जांच की मांग

**कोरबा :** छत्तीसगढ़ राज्य के कोरबा जिले में एस.ई.सी.एल की दीपका एवं गेवरा कोयला खदान देश का दूसरा सबसे बड़ा कोयला खदान है। खदान का विस्तार हेतु ग्राम रलिया व मलगांव का भूमि अधिग्रहण किया जा रहा है। यहां एस.ई.सी.एल के जी.एम मोहंती एवं एसडीएम, तत्कालीन एस.डी.एम, वहां पदस्थ लिपिक बाबू मनोज गोबिल एवं जिला मुख्यालय में पदस्थ बड़े अधिकारियों और रलिया का हल्का पटवारी प्रधान एवं अन्य अधिकारियों की मिलीभगत से बड़ा मुआवजा घोटाला कर भ्रष्टाचार कर केंद्र सरकार को आर्थिक क्षति पहुंचाई गई है।इस संबंध में पू० गृहमन्त्री ननकीराम कंवर ने केन्द्रीय कोयला मंत्री जी.किशन रेड्डी को लिखे पत्र में अनुरोध किया है कि कोरबा जिले के ग्राम रलिया और मलगांव में एस.ई.सी.एल के द्वारा अधिग्रहण कर मुआवजा वितरण में किये गए घोटाला और एस.ई.सी.एल गेवरा, दीपका, कुसमुंडा खदान से कोयला चोरी के मामले में केंद्रीय जाँच सी.बी, आई. / ई.डी से कराते हुए उनकी संपत्ति सीज करने की कार्रवाई करें। यह जाँच छत्तीसगढ़ राज्य सरकार के अधिकारियों से न कराकर केन्द्र सरकार की जाँच एजेंसी से केंद्रीय स्तर पर ई.डी. व सी.बी.आई से कराने की मांग की गई है।

## निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरूपयोग की रोकथाम को लेकर बैठक, कई मुद्दों पर हुई चर्चा




संवाददाता

**गुमला :** जिला अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरूपयोग की रोकथाम हेतु बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में शहरी क्षेत्र के सभी सरकारी , गैर सरकारी एवं सरकारी अनुदान प्राप्त विद्यालयों के प्राचार्य एवं प्रतिनिधिगण के साथ उपस्थित सभी समुदाय के गणमान्य एवं बुद्धिजीवी व्यक्तियों द्वारा निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरूपयोग एवं इसकी रोकथाम हेतु अपने -अपने सुझाव दिए । इसके अतिरिक्त अवैध रूप से मादक पदार्थों की बिक्री किए जाने संबंधी स्थानों को चिन्हित करते हुए उक्त स्थानों पर सघन छापेमारी - निरीक्षण करने का अनुरोध किया गया। सभी थाना प्रभारी एवं संबंधित पदाधिकारी को इस विषय पर अमल करने का निदेश दिया गया।

बैठक में उपस्थित सभी व्यक्तियों द्वारा मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव एवं बीमारियों को रोकने के सम्बन्ध में भी चर्चा की गई। साथ ही साथ संबंधित पदाधिकारियों से मादक पदार्थों के सेवन से रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान चलाए जाने की बात कही गई। और विद्यालयों में में भी जागरूकता अभियान चलाए जाने की बात कही गई।

इस बैठक में अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,गुमला, अंचल अधिकारी,गुमला, थाना प्रभारी,गुमला, उत्पाद अधीक्षक,गुमला,औषधि निरीक्षक,गुमला, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ,गुमला, जिला परामर्शी, टोबैको,गुमला, शिक्षण संस्थान के प्रधान - प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## राजकीय उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय सुरसांग में इंटरनेट कनेक्शन हुआ बहाल

**गुमला** :जिला अंतर्गत स्थित रायडीह प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित + 2 उच्च विद्यालय, सुरसांग में आज बीएसएनएल (इरठछ) के माध्यम से इंटरनेट कनेक्शन को सक्रिय कर दिया गया है। यह सुविधा विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने, ऑनलाइन संसाधनों तक उनकी पहुँच बढ़ाने और तकनीकी रूप से उन्हें सक्षम बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

कुछ दिन पूर्व ही सुरसांग थाना में भी बीएसएनएल द्वारा इंटरनेट कनेक्शन प्रदान किया गया था, जिससे प्रशासनिक और सुरक्षा कार्यों में भी गति आई है।

बीएसएनएल के सहयोग से ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सुविधाएं उपलब्ध कराना ह्लडिजिटल इंडियाह्व के सपनों को साकार करने की दिशा में एक ठोस पहल है।

### सरकार के निर्देश का खुलेआम उल्लंघन

## धड़ल्ले से बिक रहा गुटखा और तम्बाकू

### विभागीय कार्रवाई का नहीं है किसी को खौफ

संवाददाता

**चतराः** सरकार द्वारा गुटका और तम्बाकू पर पूर्णरूप से प्रतिबंध लगा दिया गया है। इन उत्पादों को बेचते हुए पकड़े जाने पर जुर्माना के साथ -साथ कानूनी कारवाई के तहत जेल जाने तक की सजा भी निर्धारित है। बावजूद चतरा मे पान मसाला गुटखा सहित अन्य उत्पाद धड़ल्ले से बिक रहे हैं। हालांकि इसपर प्रतिबंध लगाने को लेकर जिला खाध नियंत्रण पदाधिकारी राजेश शर्मा से लेकर जिला परार्मशी तम्बाकू नियंत्रण पदाधिकारी रश्मि दुबे द्वारा लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। जिला परामर्शी रश्मि दुबे ने बताया कि सरकार के द्वारा आदेश जारी किए जाने के बाद से लेकर शायद ही कोई ऐसा प्रखंड होगा जहां छापेमारी नहीं कि गई होगी। उन्होंने कहा सभी प्रखंडो के दर्जनों पान गुटखा और सिगरेट बेचने बाले दुकानों पर न सिर्फ छापेमारी अभियान चलाया बल्कि इन दुकानदारों पर हजारों रुपये का आर्थिक जुर्माना लगते हुवे सभी दुकानदारों को सिगरेट का विज्ञापन से संबंधित पोस्टर को दुकान अथवा दुकान के बाहर नहीं लगाने का निर्देश भी दिया है। विशेषतौर पर वैसे दुकानदार जिनकी दुकान किसी की विद्यालय के 100 गज की दूरी पर है उसे सिगरेट गुटखा सहित अन्य नशीले पदार्थ की बिक्री नहीं करने की हदायत दी गई।उन्हें बताया गया कि अगर समझाने के बाद भी कोई दुकानदार नशीले पदार्थ की बिक्री करते पकड़े गए तो उन्हे न सिर्फ जेल भेजा जाएगा बल्कि न्यायालय द्वारा उन्हें सजा भी दी जाएगी।

### ढाई साल की बच्ची की तालाब में डूबने से हुई मौत का मामला

# मासूम के माता-पिता ने आंगनबाड़ी केंद्र की संचालिका पर लगाया लापरवाही का आरोप

- उपायुक्त को लिखित आवेदन देकर न्याय की मांग
- पोस्टमार्टम के बाद मासूम बच्ची का शव परिजनों को सौंपा गया

संवाददाता

**गुमलाः** सदर प्रखंड स्थित पतिया ग्राम के आंगनवाड़ी केन्द्र में पढ़ने वाली ढाई साल की आयुषी कुमारी की तालाब में डूबने से हुई दर्दनाक मौत हो गयी। मासूम मृतक की मां सुलेखा देवी , पिता फिरू खड़िया सहित गांव के ग्रामीणों और परिजनों ने पतिया आंगनवाड़ी केन्द्र संचालिका शारदा जायसवाल पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए , गुमला उपायुक्त को एक लिखित आवेदन देकर पतिया आंगनवाड़ी केन्द्र संचालिका शारदा जायसवाल पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए कहा है कि बुधवार को बिना किसी छुट्टी के ही पतिया आंगनबाड़ी केंद्र बंद कर दिया गया, जिसके कारण प्रतिदिन जाने वाले सभी छोटे-छोटे मासूम बच्चे



उक्त आंगनबाड़ी केंद्र में पहुंचकर आंगनबाड़ी केंद्र के आसपास खेलने लगे । खेलते -खेलते पतिया तालाब के पास पहुंचकर उक्त बच्चे तालाब में उतरकर तालाब के पानी से खेलने लगे और इसी क्रम में आयुषी कुमारी तालाब में डूब गई। सभी छोटे-छोटे बच्चे होने के कारण आयुषी कुमारी को नहीं बचा सके । इसी बीच गांव का एक युवक उक्त तालाब में नहाने आया तो वह देखा कि आयुषी कुमारी तालाब के पानी में डुबी हुई है। , उसने हल्ला मचाया और गांव वालों को बताया । बाद में आनन-फानन में मासूम आयुषी कुमारी को इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने आयुषी कुमारी को मृत घोषित कर दिया । यह सुनते ही कोहराम मच गया और उसके माता-पिता परिवार , परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया । उन्होंने पतिया आंगनवाड़ी संचालिका शारदा जायसवाल पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि अगर उक्त आंगनबाड़ी केंद्र खुला रहता तो आयुषी कुमारी की जान नहीं जाती, क्योंकि अगर पतिया आंगनवाड़ी संचालिका यह सूचना पहले ही दे देती की बुधवार को आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहेगा या उक्त आंगनबाड़ी केंद्र में पहुंचे सभी बच्चों को घर भेज देती । पर उन्होंने ऐसा नहीं किया, जबकि वह यह जानती थी कि आंगनबाड़ी केंद्र के पास ही में तालाब है। अतः बच्चों के साथ किसी भी प्रकार की अनहोनी हो सकती है , फिर भी उन्होंने ऐसा नहीं किया और मृतिका आयुषी कुमारी के गांव में आकर उल्टा यह आरोप लगाकर चली गई कि मृतिका आयुषी कुमारी का आंगनबाड़ी केंद्र में नामांकन नहीं कराया गया था। अगर यह मान भी लिया जाए कि उक्त आंगनबाड़ी केंद्र में आयुषी कुमारी का नामांकन नहीं हुआ था और वह प्रतिदिन आंगनबाड़ी केंद्र जाया करती थी फिर आंगनबाड़ी संचालिका शारदा जायसवाल ने उक्त मृतिका मासूम बच्ची आयुषी कुमारी का नामांकन क्यों नहीं किया। इस पर भी प्रश्न चिन्ह लगता है । यह पतिया आंगनवाड़ी संचालिका शारदा जायसवाल की लापरवाही नहीं तो और क्या है । इस संबंध में मृतिका मासूम बच्ची आयुषी कुमारी की माता सुलेखा देवी - (पिता फिरू खड़िया ) ने बताया कि हम लोग गरीब आदमी हैं और मेरे पति घरों में पुट्टी प्लास्टर का कार्य करते हैं , हमें न्याय मिलना चाहिए और अगर पतिया आंगनवाड़ी संचालिका शारदा जायसवाल द्वारा उक्त लापरवाही नहीं बरतनी जाती तो हमारी बेटी आयुषी कुमारी की आज जान नहीं जाती । उन्होंने गुमला उपयुक्त को एक आवेदन देकर पतिया आंगनवाड़ी संचालिका शारदा जायसवाल पर लापरवाही बरतने को लेकर कानूनी कार्रवाई करते हुयें उन्होंने न्याय की गुहार लगाई हैं।

## चिरैया और गम्हरिया के आयुष्मान आरोग्य मंदिर ने प्राप्त किया एनक्यूएएस प्रमाणन

**गुमला :** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गुमला जिले में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इन्हीं प्रयासों का परिणाम है कि जिले के तीन आयुष्मान आरोग्य मंदिरों ने राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस ) प्रमाणन में अपेक्षित स्कोर प्राप्त किया है। चिरैया और गम्हरिया के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों ने निर्धारित मानकों के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। चिरैया केंद्र ने 85.26 प्रतिशत और गम्हरिया ने 85.16 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। ये दोनों केंद्र अब प्रमाणित स्वास्थ्य संस्थाओं की श्रेणी में शामिल हो गए हैं। इस प्रक्रिया के




तहत स्वास्थ्य सेवाओं का मूल्यांकन रोगी केंद्रित सुविधाएं, स्वच्छता, दस्तावेज प्रबंधन, संक्रमण नियंत्रण, आपातकालीन तैयारी तथा कर्मचारी प्रशिक्षण जैसे प्रमुख बिंदुओं पर किया गया। मूल्यांकन कार्य दो अलग-अलग राज्यों से आए बाहरी विशेषज्ञों द्वारा किया गया। एनक्यूएएस प्रमाणन भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा संचालित एक प्रक्रिया है, जिसमें स्वास्थ्य संस्थानों का मूल्यांकन बाहरी मूल्यांकनकताओं द्वारा किया जाता है। यह मूल्यांकन रोगी केंद्रित सेवाओं, स्वच्छता, दस्तावेजों की गुणवत्ता, संक्रमण नियंत्रण, कर्मचारी दक्षता और आपातकालीन सेवाओं की तैयारी जैसे मापदंडों पर आधारित होता है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत विभिन्न राज्यों से आए बाह्य मूल्यांकनकर्ताओं ने इन केंद्रों का निरीक्षण किया और प्रत्येक बिंदु पर अंक प्रदान किए। 70 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले स्वास्थ्य केंद्रों को प्रमाणन प्रदान किया जाता है। यह सफलता जिला स्वास्थ्य विभाग की नियमित निगरानी, स्वास्थ्य कर्मियों की सतत मेहनत और सेवाओं में निरंतर सुधार के प्रयासों का परिणाम है। जिला स्वास्थ्य विभाग आने वाले समय में अन्य आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को भी इस प्रमाणन की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि जिले में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा और भी विस्तृत हो सके।

## उपायुक्त ने किया बिरसा ग्राम योजना सह कृषक पाठशाला का निरीक्षण



**गुमला :** जिला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने बसिया स्थित समेकित बिरसा ग्राम योजना सह कृषक पाठशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने फार्म मैनेजर सुभाष सिन्हा से सभी बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी ली। साथ ही उपस्थित किसानों से भी बातचीत किया। उन्होंने फार्म में काम करने वाले मजदूरों को सरकारी दर से मजदूरी देने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के क्रम में कृषि पाठशाला में कई अनियमितता पाई गई। उन्हें यथाशीघ्र सुधार करने का निर्देश दिया गया। साथ ही एफटीओ गठन करने की बात कही गई। उपायुक्त ने कहा कि कृषक पाठशाला सरकार की एक महत्वकांक्षी योजना है। जिससे किसान भाइयों को बहुत लाभ मिल रहा है। और भविष्य में भी अन्य किसान भाई इस कृषक पाठशाला से नई तकनीक सीख कर खेती बाड़ी कर सकें यही प्रशासन का उद्देश्य है। उन्होंने किसानों को जीरा धान की खेती करने हेतु प्रोत्साहित किया।

इस मौके पर उपायुक्त ने सुअर पालन शेड, कॉड स्टॉर, मधुमक्खी पालन, कम्पोस्ट, बकरी पालन शेड, ब्रॉयलर मुर्गी पालन शेड, लेयर मुर्गी पालन शेड एवं खेतों का भ्रमण किया और संबंधित पदाधिकारी को उचित दिशा निर्देश दिए गए।

इसके पश्चात उपायुक्त ने महिला मंडल की महिलाओं के द्वारा संचालित कोनबीर स्थित जोहार एग्रो मार्ट एवं बीज दुकान का भी निरीक्षण किया। वहां उपस्थित दीदियों से भी जानकारी ली गई। साथ ही साथ पालकोट प्रखंड में पलास मार्ट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि दुकान के बगल में एक बोर्ड लगाया जाए जिसमें पलाश मार्ट में उपलब्ध सभी वस्तुओं की लिस्ट हो एवं उक्त स्थान में सोलर लाइट लगाने का निर्देश दिया गया। इस दौरान एसडीओ जयवंती देवगम, बीडीओ सुप्रिया भगत, जिला कृषि पदाधिकारी विजय कुजूर, एग्रीकल्चर इंजीनियर निमन बोदरा, मैनेजर सुभाष कुमार सिन्हा एवं कृषक उपस्थित थे।

## हंटरगंज बाजार में प्रशासन ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

### मुख्य सड़क से 3 फीट दूरी पर रखे समान, नहीं तो होगी कानूनी कार्रवाईः थाना प्रभारी

संवाददाता

**चतराः** जिले की हंटरगंज थाना पुलिस एक्टिव मोड़ दिख रही है थाना प्रभारी प्रभात कुमार के नेतृत्व में हंटरगंज बाजार में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान बाजार के दुकानदारों द्वारा सड़क पर रखे सामान को हटाने के साथ ही दुकानदारों को दोबारा अतिक्रमण नहीं करने की चेतावनी दी गई। प्रशासन की इस करवाई से दुकानदारों में हड़कंप मच गया है। थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने बताया कि लोगों से लगातार शिकायत मिल रही थी कि कुछ दुकानदार सड़क पर समान रख देते थे जिससे आए दिन जाम की समस्या बनी रहती थी। सूचना के आलोक में गुरुवार को हंटरगंज मेन बाजार सहित कई स्थान से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की



गई। इस दौरान व्यापारियों को सड़क पर अतिक्रमण नहीं करने के लिए कहा गया। इसके साथ ही दोबारा अतिक्रमण पाए जाने पर सामान जब्त करने तथा कानूनी करवाई की हिदायत दी। इस दौरान पुलिस द्वारा कुछ व्यापारियों का सड़क पर रखा सामान जप्त करने की चेतावनी दी गई। इस कार्रवाई के दौरान कुछ दुकानदार थाना प्रभारी के समक्ष गिड़गिड़ाते नजर आए। वही थाना प्रभारी ने वाहन चालकों से अपील की है कि जहां - तहां वाहन खड़ी नहीं करें। थाना प्रभारी ने कहा दुकानदार अपना सामान दुकान में ही रखें। अन्यथा ऐसे नहीं करने पर उनके ऊपर कानूनी करवाई की जाएगी।

# शहर में गहराया पेयजल संकट, हेरु डैम सुखने के कगार पर

- शहर में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर उपायुक्त ने भेड़ीफार्म डेम का किया निरीक्षण
- पेयजलापूर्ति शुरू करने का निर्देश
- ग्रामीण क्षेत्रों में चापानलों की मरम्मत का निर्देश

संवाददाता

**चतराः** जिले में बढ़ती गर्मी के बीच पेयजल की समस्या से निजात दिलाने के लिए उपायुक्त रमेश घोलप गंभीर हैं। गुरुवार को उपायुक्त रमेश घोलप चतरा शहरी जलापूर्ति योजना अन्तर्गत जलशोध संस्थान (डब्लू टी पी) एवं जलाशय हेरुआ डैम का निरीक्षण किया। उपायुक्त के साथ उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता, नगर परिषद चतरा के कार्यपालक अभियंता, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी चतरा, सहायक अभियंता/कनीय अभियंता तथा सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक प्रमण्डल हजारीबाग संयुक्त रूप से शामिल थे। निरीक्षण के क्रम में निर्देशित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि जलाशय हेरुआ डैम पर उपस्थापित स्पिलवे गेट की मरम्मत का प्राक्कलन को



तकनीकी स्वीकृति के उपरान्त कार्यालय में उपस्थापित करें, ताकि प्रशासनिक स्वीकृति देते हुए एवं मानसून के पूर्व उक्त मरम्मत कार्य का निविदा कर ऐजेन्सी के माध्यम से कार्य को पूर्ण किया जा सके। हेरुआ डैम सुख जाने के कारण पेयजल की समस्याओं को देखते हुए उपायुक्त ने वर्त्तमान में भेड़ी फार्म से नियमित रासनिंग करते हुए माह-जून 2025 तक पेयजलापूर्ति करने हेतु निदेशित किया। कहा कि नगर परिषद क्षेत्रान्तर्गत अधिष्ठापित नलकूपों की सूची नगर परिषद कार्यालय से प्राप्त कर उक्त नलकूपों का मरम्मति संबंधी प्राक्कलन उपलब्ध कराएं ताकि पेयजल कार्यालय को सूची उपलब्ध कराते हुए नियमसंगत ससमय चापानलों की मरम्मति किया जा सके।

**उपायुक्त ने अधिकारियों के साथ की बैठकः** निरीक्षण के पश्चात उपायुक्त ने पेयजल एवं स्वक्षता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता, चतरा के अनुमंडल पदाधिकारी, सिमरिया के अनुमंडल पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ ऑनलाइन माध्यम से बैठक की। उन्होंने बढ़ते तापमान को देखते हुए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कई जगह निरीक्षण के दौरान और जनता दरबार के माध्यम से चापानल खराब होने की शिकायत प्राप्त हो रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में चापानलों की मरम्मति टीम बनाकर प्रतिदिन किया जाय एवं मरम्मति संबंधी सूचना प्रतिदिन उपलब्ध कराया जाय, जिसकी जाँच समय-समय पर संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा किया जाय। जिससे आम जानो पेयजलापूर्ति की समस्याओं का सामना ना करना पड़े। आगे उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी चतरा/सिमरिया को उक्त कार्य का मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया।